वर्ष 24, अंक 270, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 9 अप्रैल 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# ईरान जंग खत्म लेकिन जख्म गहरे!

## कितने समय में फिर खड़े हो पाएंगे जंग में शामिल देश?

**'ऑपरेशन** एपिक फ्यूरी' कह लें या 'ऑपरेशन रोरिंग लायन'... 40 दिन चले अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग में तबाही तीनों तरफ हुई. मिडिल ईस्ट के कई देश इस आग में झोंके गए. हजारों मौतें और सैंकड़ों लोग बेघर हुए. इस जंग में लगे जख्मों को भरने में शायद इतने साल लग जाएं, जितने में कई सरकारें बदल सकती हैं. सीजफायर के बाद इन देशों की रिकवरी पर भी बात करेंगे, एक्सप्लेनर में...



सवाल 1: ईरान के जख्म ज्यादा गहरे, कितने समय में भरेंगे?

जवाब: इस जंग का सबसे ज्यादा असर ईरान पर पड़ा है. ईरान की लीडरशिप लगभग खत्म हो गई है. सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई 28 फरवरी 2026 को तेहरान में एयरस्ट्राइक में मारे गए. उनके साथ डिफेंस मिनिस्टर अजीज नसीरजादेह, कफ्ह कमांडर मोहम्मद पाकपुर, इंटेलिजेंस चीफ इसमाइल खतीब, अली लारीजानी और दर्जनों अन्य टॉप कमांडर मारे गए. कुल मिलाकर ईरान ने 40 से ज्यादा सीनियर अधिकारियों को खो दिया. अब मुज्तबा खामेनेई को नया सुप्रीम लीडर चुना गया है, लेकिन पूरी कमान व्यवस्था को फिर से खड़ा करने में कई सालों लगेंगे.

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की न्यूक्लियर साइट्स तबाह हो गईं. नतांज, फोर्डो, इस्फहान और बुशहर जैसी जगहों पर बार-बार हमले हुए. अमेरिकी और इजरायली हमलों ने इन साइटों के एंट्रेंस, टनल्स और इक्विपमेंट को भारी नुकसान पहुंचाया. एक्सपर्ट्स कहते हैं कि ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम पहले ही 2025 के हमलों से पीछे धकेल दिया गया था. अब यह और कई साल पीछे चला गया है. अगर ईरान दोबारा बनाना चाहे तो बिना बाहर की मदद के 5 से 10 साल या उससे ज्यादा लग सकते हैं।

लेकिन सैंक्शन्स के चलते मदद मिलना मुश्किल है.

ईरान का इंसानी नुकसान भी भारी है. ईरानी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार 3,000 से ज्यादा लोग मारे गए, जबकि कुछ रिपोर्ट्स 7,300 से ऊपर की मौतें बता रही हैं. इसमें सिविलियन और मिलिट्री दोनों शामिल हैं. 26,000 से ज्यादा घायल हुए. कई अस्पताल तबाह हुए. स्कूलों पर हमले हुए, जिसमें मिनाब की लड़कियों के स्कूल पर हमले में 175 से ज्यादा बच्चे मारे गए. 65 स्कूल और 32 मेडिकल फैसिलिटी को निशाना बनाया गया. 10,000 से ज्यादा सिविलियन बिल्डिंग्स, ब्रिज, रेलवे, पेट्रोकेमिकल प्लांट्स (साउथ पार्स गैस फील्ड) और डेसैलिनेशन प्लांट्स डैमेज हुए. पानी और बिजली की सप्लाई बाधित हुई.

इकोनॉमी की बात करें तो ईरान की अर्थव्यवस्था पहले से कमजोर थी. अब तेल निर्यात रुक गया और फैक्टरियां ध्वस्त हो गईं. न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल इकोनॉमिक इम्पैक्ट के कारण ईरान को सैकड़ों अरब डॉलर का नुकसान हुआ. यह सब दोबारा बनाने के लिए अकेले इंफ्रास्ट्रक्चर पर दसियों अरब डॉलर लगेंगे. अगर बातचीत में सैंक्शन्स हटे तो 3-5 साल में कुछ हद तक सुधर सकता है, लेकिन न्यूक्लियर और मिलिट्री पावर को पूरी तरह बहाल करने में 10 साल या उससे ज्यादा लग सकते हैं।

# न टैरिफ, न यूरेनियम भंडार, प्रतिबंधों से मिलेगी राहत

## ट्रंप बोले- ईरान के साथ करेंगे मिलकर काम

### सत्ता परिवर्तन से गुजरा ईरान



**ईरान**

**ईरान** युद्ध के बीच दो हफ्ते के सीजफायर के ऐलान के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है कि अब यूएस और ईरान बेहद करीब से मिलकर काम करेंगे. ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि ईरान एक सफल सत्ता परिवर्तन के दौर से गुजर चुका है. उन्होंने दावा किया कि अब ईरान में यूरेनियम संवर्धन नहीं किया जाएगा और अमेरिका, ईरान के साथ मिलकर भूमिगत परमाणु सामग्री को बाहर निकालने का काम करेगा.

ईरान के साथ करेंगे काम

अमेरीरी राष्ट्रपति ने ये भी बताया कि पूरे क्षेत्र पर कड़ी सैटेलाइट निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी गतिविधि पर नजर रखी जा सके. ट्रंप के अनुसार, हमले के बाद से अब तक उस साइट पर किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं हुई है. इसके साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि दोनों देशों के बीच टैरिफ और प्रतिबंधों में राहत को लेकर बातचीत चल रही है और 15 में से कई बिंदुओं पर सहमति भी बन चुकी है.

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने साफ किया है कि चीन मिडिल ईस्ट में शांति स्थापित करने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहा है. उन्होंने कहा कि चीन लगातार संघर्ष-विराम और बातचीत को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहा है और खाड़ी क्षेत्र समेत पूरे मिडिल ईस्ट में स्थिरता बहाल करने में रचनात्मक भूमिका निभाता रहेगा.

चीन की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि चीन ने क्श्ंल्ल को बातचीत की मेज पर लाने में मदद की है. चीन का यह रुख बताता है कि वह खुद को एक मध्यस्थ और संतुलन बनाने वाली ताकत के रूप में पेश करना चाहता है, खासकर ऐसे समय में जब United States, इजरायल और ईरान के बीच तनाव चरम पर है.

विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर चीन वास्तव में बातचीत को आगे बढ़ाने में सफल होता है, तो यह वैश्विक कूटनीति में उसकी भूमिका को और मजबूत कर सकता है और युद्ध को शांत करने की दिशा में अहम कदम साबित हो सकता है।


सत्ता परिवर्तन से गुजरा ईरान

हालांकि, इस तरह के दावे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी अहम माने जा रहे हैं, क्योंकि एक तरफ हाल ही तक दोनों देशों के बीच तीखा सैन्य टकराव था, और दूसरी तरफ अब सहयोग और समझौते की बात सामने आ रही है. विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में ही साफ होगा कि यह सीजफायर और समझौते की दिशा कितनी स्थायी साबित होती है. गौरतलब है कि करीब 40 दिनों तक चली अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग के बाद बुधवार की सुबह अगले दो हफ्ते के लिए सीजफायर का ऐलान किया गया है. इसमें चीन का महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रहा है. ऐसा माना जा रहा है कि इससे एक तरफ जहां होर्मुज के खुलने पर वैश्विक ऊर्जा संकट खत्म होगा वहीं मिडिल ईस्ट में तनाव पर ब्रेक लग जाएगा।

# राजस्थान को रिफाइनरी और मेट्रो की सौगात, देश के किसानों को फिर दिया बड़ा तोहफा

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आज कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए, जिनका सीधा असर देश की ऊर्जा सुरक्षा, आधारभूत ढांचे, शहरी परिवहन और कृषि क्षेत्र पर पडेगा। इन फैसलों में राजस्थान में विशाल रिफाइनरी परियोजना, अरुणाचल प्रदेश में जल विद्युत परियोजनाएं, जयपुर मेट्रो विस्तार और किसानों के लिए उर्वरक सब्सिडी से जुड़े निर्णय शामिल हैं। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि सबसे प्रमुख निर्णयों में राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा में एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड़ परियोजना की लागत में संशोधन को मंजूरी दी गई। इस परियोजना की लागत अब बढ़ाकर लगभग उन्यासी हजार चार सौ उनसठ करोड़ रुपये कर दी गई है। साथ ही हिंदुस्तान पेट्रोलियम निगम लिमिटेड द्वारा अतिरिक्त इक्विटी निवेश को भी स्वीकृति दी गई है, जिससे कुल निवेश उन्नीस हजार छह सौ करोड़ रुपये हो जाएगा। यह रिफाइनरी अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगी और इसमें पेट्रोल, डीजल के साथ साथ पॉलीप्रोपिलीन, एलएलडीपीई, एचडीपीई तथा बेंजीन जैसे पेट्रो



रसायन उत्पाद तैयार किए जाएंगे। यह परियोजना देश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और आयात पर निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस रिफाइनरी परियोजना से न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी बल्कि राजस्थान के पिछड़े क्षेत्र में औद्योगिकीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। निर्माण के दौरान लगभग पच्चीस हजार लोगों को रोजगार मिल चुका है और भविष्य में भी रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। परियोजना की वाणिज्यिक शुरूआत एक जुलाई 2026 तक निर्धारित की गई है।

इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अरुणाचल प्रदेश में जल विद्युत उत्पादन को मजबूत करने के लिए भी दो बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। पहली परियोजना कालई द्वितीय जल विद्युत परियोजना है, जिसकी क्षमता बारह सौ मेगावाट होगी और इस पर लगभग चौदह हजार एक सौ पांच करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। यह परियोजना लोहित नदी पर बनेगी और इससे हर साल चार हजार आठ सौ बावन मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। इस परियोजना से राज्य में बिजली आपूर्ति मजबूत होगी और राष्ट्रीय ग्रिड संतुलन में भी मदद मिलेगी।

दूसरी प्रमुख परियोजना कमला जल विद्युत परियोजना है, जिसकी क्षमता सत्रह सौ बीस मेगावाट होगी और इस पर लगभग छब्बीस हजार उनहत्तर करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना से हर साल छह हजार आठ सौ सत्तर मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का अनुमान है। इसके साथ ही ब्रह्मपुत्र घाटी में बाढ़ नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी।

# संकट से निपटने का बनाया फुलप्रूफ प्लान



**नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में उत्पन्न हो रही स्थिति पर नजर रखने के लिए 8 अप्रैल को मंत्रियों के अनौपचारिक अधिकार प्राप्त समूह (आईजीओएम) की तीसरी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में आवश्यक वस्तुओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और क्षेत्रीय तनावों के प्रभाव से भारतीय नागरिकों की रक्षा करने के उद्देश्य से उठाए जाने वाले कदमों का आकलन किया गया।

राजनाथ सिंह ने (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि मैंने पश्चिम एशिया पर मंत्रियों के समूह की तीसरी बैठक की अध्यक्षता की। पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति के मद्देनजर उठाए जा रहे उपायों की समीक्षा की। सरकार किसानों के लिए एलपीजी, पेट्रोल और डीजल, उर्वरकों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है और देश में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को सुगम बना रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार संघर्ष के प्रभाव से हमारे नागरिकों की सुरक्षा के लिए असाधारण कार्य कर रही है।

मंत्रियों के समूह की दूसरी बैठक 3 अप्रैल को हुई और इसमें पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर चौबीसों घंटे निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सिंह ने आगे कहा कि मंत्रियों को भू-राजनीतिक स्थिति से संबंधित सरकारी उपायों की जानकारी दी गई और संघर्ष से उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए आगे के कदमों पर चर्चा की गई। सिंह ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर सरकार द्वारा उठाए जा रहे उपायों के बारे में आईजीओएम को जानकारी दी गई। हमने इस संघर्ष के कारण उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जाने वाले अगले कदमों पर भी विचार-विमर्श किया।

# दूध उत्पादन में यूपी की 'बादशाहत', देश के कुल उत्पादन में 16% हिस्सेदारी के साथ बना नंबर-1 राज्य

**उत्तर प्रदेश**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है. प्रदेश में पहले की तुलना में 40 प्रतिशत दुग्ध उत्पादन बढ़ गया है. यही नहीं, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों को पीछे छोड़ते हुए यूपी सबसे सशक्त बनकर उभरा है. देश के कुल दुग्ध उत्पादन में पांच अग्रणी राज्यों की 54 फीसदी हिस्सेदारी है, जिसमें अकेले उत्तर प्रदेश का योगदान 16 फीसदी तक पहुंच गया है. यह आंकड़ा प्रदेश की बढ़ती ताकत और मजबूत डेयरी संरचना का स्पष्ट उदाहरण है.

सीएम योगी के कार्यकाल में दुग्ध उत्पादन में जबरदस्त उछाल दर्ज हुआ है. वर्ष 2016-17 में जहां उत्पादन 277 लाख मीट्रिक टन था, वहीं वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 388 लाख मीट्रिक टन के पार पहुंच गया है. पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया, "करीब 40 प्रतिशत की यह वृद्धि प्रदेश में योजनाबद्ध विकास और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जमीनी स्तर पर किए गए।

# पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की उम्मीद

**नई दिल्ली**

भारत ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए हालिया युद्धविराम का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त होगा। विदेश मंत्रालय ने 8 अप्रैल, 2026 को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि हम युद्धविराम का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी। जैसा कि हम पहले भी लगातार कहते रहे हैं, मौजूदा संघर्ष को जल्द समाप्त करने के लिए तनाव कम करना, संवाद और कूटनीति आवश्यक हैं।

विदेश मंत्रालय ने महत्वपूर्ण



वैश्विक ऊर्जा गलियारे, होर्मुज जलडमरूमध्य से निर्बाध और सुरक्षित समुद्री यातायात सुनिश्चित करने के महत्व पर भी बल दिया और समुद्री मार्गों में सामान्य स्थिति बहाल होने की आशा व्यक्त की।

बयान में कहा गया कि हम हुए युद्धविराम का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी। जैसा कि हमने पहले भी लगातार कहा है, मौजूदा संघर्ष को जल्द समाप्त करने के लिए तनाव कम करना, संवाद और कूटनीति आवश्यक हैं।

बयान में आगे कहा गया कि इस संघर्ष ने पहले ही लोगों को भारी पीड़ा पहुंचाई है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार नेटवर्क को बाधित किया है। हमें उम्मीद है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से निर्बाध नौवहन और वैश्विक व्यापार का प्रवाह बहाल होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ईरान के खिलाफ नियोजित सैन्य कार्रवाई को अस्थायी रूप से स्थगित करने की घोषणा की और कहा कि हमले दो सप्ताह के लिए टाल दिए जाएंगे।

# बास्टर्ड कहने पर मिली सजा रद्द, गालियों पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, जो बनेगा नजीर

**नई दिल्ली**

**आपराधिक** कानून पर एक महत्वपूर्ण फैसले में, सुप्रीम कोर्ट ने 6 अप्रैल को कहा कि गरमागरम बहस के दौरान "बास***ड" जैसे अपशब्दों का मात्र प्रयोग भारतीय दंड संहिता की धारा 294 के तहत अश्लीलता नहीं माना जाता है, जैसा कि लाइव लॉ ने रिपोर्ट किया है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि आईपीसी की धारा 294 के तहत अपराध सिद्ध होने के लिए शब्दों में यौन या कामुक तत्व होना आवश्यक है। न्यायालय ने कहा कि केवल अपशब्द कहना पर्याप्त नहीं है। बेंच ने कहा कि



हमारी राय में, मात्र ह्यबेशर्मह्न शब्द का प्रयोग किसी व्यक्ति की कामुक रुचि को जगाने के लिए पर्याप्त नहीं है। विशेषकर तब, जब ऐसे शब्द आधुनिक युग में गरमागरम बातचीत के दौरान आम तौर पर इस्तेमाल किए जाते हैं। इसलिए, हमारा मानना है कि आईपीसी की धारा 294(ख) के तहत दंडनीय अपराध के लिए अपीलकताओं की दोषसिद्धि टिकाऊ नहीं है और इसे रद्द किया जाता है।

## धर्मनगरी हरिद्वार में मांस बिक्री पर प्रतिबंध !

# नगर निगम सीमा से बाहर शिफ्ट होंगी सभी दुकानें

**हरिद्वार**

**हरिद्वार** नगर निगम ने आगामी धार्मिक आयोजनों से पहले ज्वालापुर क्षेत्र से लगभग 56 कच्चे मांस की दुकानों को नगर निगम सीमा के बाहर स्थित सराय क्षेत्र में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय कुंभ मेला और कांवड़ यात्रा जैसे बड़े आयोजनों के साथ-साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। हरिद्वार नगर आयुक्त नंदन कुमार ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में कच्चे मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश बोर्ड द्वारा पारित कर दिया गया है। इसके लिए हमारे पुराने उपनियमों में संशोधन किया गया और नए उपनियमों को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

उपनियमों में संशोधन यह है कि पहले कुछ क्षेत्रों में, जैसे ज्वालापुर क्षेत्र में, यह प्रतिबंध नहीं था। अब इस प्रतिबंध का विस्तार करते हुए इसे पूरे नगर निगम क्षेत्र में कच्चे मांस की बिक्री पर लागू कर दिया गया है। इसके तहत सभी दुकानों को स्थानांतरित किया जाएगा। मांस व्यापारियों, जिनमें से कई वर्षों से मौजूदा स्थानों पर अपना कारोबार चला रहे हैं, ने स्थानांतरण योजना



का कड़ा विरोध किया है। उनका तर्क है कि प्रस्तावित स्थान शहर से दूर है और अस्वच्छ परिस्थितियों से घिरा हुआ है, जिसमें श्मशान घाट की निकटता भी शामिल है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है।

एक मांस दुकान के मालिक ने कहा कि ग्राहकों को आने-जाने के लिए भुगतान करना होगा, जिसे इलाके में यातायात के कारण रिक्शा चालक शायद मना कर दें। पास में ही एक श्मशान घाट है, और इस तरह की दुकान उस जगह के पास नहीं चल सकती।

हमने इस संबंध में डीएम को भी एक आवेदन दिया है। एक अन्य दुकानदार ने भी श्मशान घाट के पास स्थित इस जगह को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नगर निगम से एनओसी (प्रतिज्ञा) मिली हुई है कि मांस की दुकानें मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और श्मशान घाट से दूर होनी चाहिए। (नई मांस की दुकान के क्षेत्र के) बगल में श्मशान घाट की दीवार है।

# मायके में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिवार में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** प्रयागराज के कौंधियारा थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक विवाहिता महिला ने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया है और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान मनीषा देवी (26 वर्ष) पत्नी संदीप कुमार निवासी सोरांव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मनीषा इन दिनों अपने मायके ग्राम गौरा, थाना कौंधियारा में रह रही थीं। बुधवार सुबह करीब 4 बजे उन्होंने घर के पीछे स्थित आम के पेड़ में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



घटना की सबसे पहले जानकारी मृतका की मां सुबेधा को हुई, जब वह सुबह उठकर घर के बाहर गईं। जैसे ही उनकी नजर पेड़ पर लटकी मनीषा पर पड़ी, उन्होंने जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। मां की आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और यह दृश्य देखकर स्तब्ध रह गए।

इसके बाद मृतका के पिता इंद्रभान बिंद, भाई प्रेमचंद्र सहित अन्य परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और मनीषा के शव को नीचे उतारा। घटना की सूचना तुरंत कौंधियारा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मनीषा देवी की मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। बताया जा रहा है कि मनीषा का एक दो वर्षीय बेटा पार्थ भी है, जो अब मां के साये से वंचित हो गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग भी घटना से काफी आहत हैं और परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं।

हालांकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

स्थानीय लोगों के अनुसार, मनीषा का स्वभाव सामान्य था और किसी तरह की परेशानी की जानकारी पहले सामने नहीं आई थी। ऐसे में अचानक उठाए गए इस कदम ने सभी को हैरान कर दिया है।

फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है। इस दुखद घटना ने एक बार फिर समाज में मानसिक तनाव और पारिवारिक समस्याओं को लेकर जागरूकता की आवश्यकता को उजागर किया है।

# अचानक बदले मौसम ने किसानों की बढ़ाई चिंता, बारिश से गेहूं की फसल को नुकसान

**करछना।** प्रयागराज जिले के करछना तहसील क्षेत्र अंतर्गत कौंधियारा, गौहनिया, जारी, अकोड़ा, लालापुर, शंकरगढ़, नारीबारी सहित दर्जनों गांवों में बुधवार को अचानक मौसम ने करवट ले ली। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। इस बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंताओं को बढ़ा दिया है, क्योंकि इस समय क्षेत्र में गेहूं की फसल कटाई और मड़ाई का कार्य तेजी से चल रहा है।



किसानों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ था, जिससे वे तेजी से फसल की कटाई और मड़ाई में जुटे हुए थे। लेकिन अचानक मौसम बदलने और बारिश शुरू हो जाने से खेतों में खड़ी फसल भीग गई है। कई किसानों ने बताया कि जिनकी फसल कटकर खेतों में पड़ी थी, वह भी पानी में भीगकर खराब होने लगी है। इससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों पर असर पड़ने की आशंका है।

स्थानीय किसान रामलाल यादव ने बताया कि ह्वहम लोग कई दिनों से मेहनत कर गेहूं की फसल काट रहे थे। मड़ाई का काम भी शुरू हो गया था, लेकिन अचानक बारिश ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया।ह्व वहीं एक अन्य किसान शिवप्रसाद ने कहा कि अगर मौसम इसी तरह खराब रहा तो भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है, जिससे मड़ाई का कार्य पूरी तरह से ठप हो गया है। किसानों को अब मौसम साफ होने का इंतजार है, ताकि वे अपनी फसल को सुरक्षित निकाल सकें। हालांकि मौसम विभाग की ओर से पहले से कोई स्पष्ट चेतावनी नहीं मिलने के कारण किसान तैयार नहीं थे, जिससे नुकसान और अधिक बढ़ गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर तेज हवाओं के कारण गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई है, जिसे उठाना और सुखाना किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। इसके अलावा सरसों और अन्य फसलों को भी नुकसान पहुंचने की खबरें सामने आ रही हैं।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्राकृतिक आपदा को देखते हुए नुकसान का आकलन कराया जाए और उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते सहायता नहीं मिली तो उनकी आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ेगा।

फिलहाल पूरे क्षेत्र में किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं और मौसम के साफ होने की उम्मीद कर रहे हैं। वहीं यह बेमौसम बारिश एक बार फिर यह साबित कर रही है कि बदलते मौसम का सबसे ज्यादा असर खेती और किसानों पर ही पड़ता है।


# सुरंवादलापुर के स्कूल में वार्षिकोत्सव आयोजित


## सांसद उज्जवल रमण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा स्थित सुरंवादलापुर गांव के एस.एस.सी.पी. पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रयागराज के सांसद उज्जवल रमण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

सांसद उज्जवल रमण सिंह और विशिष्ट अतिथि डॉ. रवि शंकर पाण्डेय ने विद्या की देवी मां सरस्वती सहित अन्य महान पुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभकिया। अतिथियों ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रदर्शनों की सराहना की।





मुख्य अतिथि सांसद उज्जवल रमण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का वार्षिकोत्सव विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण और आनंददायक अवसर होता है। एस.एस.सी.पी. पब्लिक स्कूल के संचालक डॉ. सत्यनारायण पटेल ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि एस.एस.सी.पी. पब्लिक स्कूल में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मांडा संजय यादव उर्फ कल्लू, समाजसेवी अभिषेक पाण्डेय, प्रेम शंकर पटेल, रमेश चंद्र पटेल, सुरेश चंद्र पटेल, सोनू

तिवारी, सागर पटेल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विद्यालय प्रबंधक प्रवीण कुमार पटेल ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत, परिजनों में कोहराम



**जंघई।** मछलीशहर वाराणसी हाइवे पर किशुनदासपुर बाजार मे मंगलवार रात साढे नौ बजे पवन कुमार उमरवैश 38 वर्ष हाइवे पर से मंदिर की तरफ टहलते हुए जा रहे थे कि मछलीशहर से जंघई की तरफ जा रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गये आनन फानन मे इलाज के लिए जौनपुर ले जाया गया जहा चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शव घर आते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष मीरगंज प्रशांत सिंह ने बताया की मृतक के परिजन ने तहरीर दी है कि पवन रात में सड़क पर टहल रहे थे तभी बाइक ने टक्कर मार दी। फिलहाल घटना बाइक सवार एक महिला घायल हुई है उसका इलाज चल रहा है शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बांधा समां प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विकासखंड सैदाबाद के उच्च प्राथमिक विद्यालय बल्दिहा में मंगलवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया, वहीं मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष देवता प्रसाद ने की, जबकि संचालन इंचार्ज प्रधानाध्यापक सतीश कुमार तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रेमचंद उपस्थित रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र पंचायत सदस्य ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से रश्मि मिश्रा और कमलेश कुमार शर्मा ने नामांकन एवं छात्र उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में नवीन कुमार यादव, रेशम वर्मा, अनीता, ग्राम प्रधान चंपा देवी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# मांडा के उल्दा गांव में मारपीट, कई घायल, पांच नामजद और तीन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के उल्दा गांव में बुधवार सुबह मारपीट की घटना हुई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी मांडा पहुंचाया। नेहा (पुत्री शिव देव पांडे) ने मांडा थाने में तहरीर दी है। नेहा के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 7 बजे जब वह हैंडपंप पर पानी भरने गई थीं, तभी पड़ोस के हिमांशु और प्रियांशु पांडे (पुत्र शिव प्रकाश पांडे) ने उनके साथ छेड़खानी की। नेहा के चिल्लाने पर उनके पिता शिव देव पांडे मौके पर पहुंचे। इसके बाद हिमांशु, प्रियांशु, शिवप्रकाश, रामचंद्र पांडे (पुत्र आदित्यनाथ पांडे), उनके रिश्तेदार नागेंद्र तिवारी उर्फ मिथुन (निवासी बरईबरी, थाना विंध्याचल, जनपद मिजार्पुर) और तीन अज्ञात लोगों ने मिलकर हमला कर दिया। हमलावरों ने लोहे की रॉड, लाठी और डंडों का प्रयोग किया। बीच-बचाव करने आए नेहा के भाई आशीष पांडे और चाचा विजयकांत पांडे पर भी हमला किया गया। आशीष के सिर पर रॉड से वार किया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी आंख भी प्रभावित हुई।हमलावरों ने सूचना देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच नामजद और तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। मांडा थाना प्रभारी माधव प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कोलुहा बैरमपुर बिकास खंड सरसवा जनपद कौशांबी**

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत कोलुहा बैरमपुर बिकास खंड सरसवा जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत कायाकल्प पंचायत भवन मरम्मत कायाकल्प सरकारी स्कूल मरम्मत कायाकल्प विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 09 अप्रैल 2026 से 16 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 17 अप्रैल 2026 को 12:00 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**जितेन्द्र सिह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत कोलुहा बैरमपुर**
**वि0खं0 सरसवा जनपद कौशांबी**

**रजनीश शर्मा**
**पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत कोलुहा बैरमपुर**
**वि0खं0 सरसवा जनपद कौशांबी**


# सहसों में आरोग्य सेविकाओं का टेलीमेडिसिन प्रशिक्षण शुरू, गांव-गांव स्वास्थ्य सेवा मजबूत करने पर जोर

**सहसों।** छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज सहसों के सभागार में बुधवार को एकल विद्यालय फाउंडेशन के तत्वावधान में एकल आरोग्य ग्राम संगठन, आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं आदर्श संच सहसों द्वारा आरोग्य सेविकाओं के लिए दस दिवसीय टेलीमेडिसिन प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा गंगापार के जिला महामंत्री अनिरुद्ध सिंह पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य सेवा को राष्ट्र सेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए कहा कि इस पुनीत कार्य को पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ करना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रभाग आरोग्य प्रमुख अमरेश कुमार ने संगठन की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला।



कोलकाता से आए प्रशिक्षक डॉ. मोइनक पांडिया ने दस दिवसीय प्रशिक्षण के अंतर्गत बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, तापमान, वजन एवं ऑक्सीजन स्तर मापने की विधियों की विस्तार से जानकारी दी।

संच प्रभारी पवन कुमार शुक्ला एवं अशोक चौधरी ने इस कार्य को ईश्वरीय सेवा बताते हुए आरोग्य सेविकाओं से गांवों में निर्भीक होकर स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एकल अभियान अंचल फूलपुर के अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर राधेश्याम, महाबली, मैनेजर विजय कुमार, कंप्यूटर प्रशिक्षक अभिषेक कुमार, अनिल कुमार, लवकुश, हरि प्रसाद, पवन कुमार, सुषमा सहित बड़ी संख्या में आरोग्य सेविकाएं उपस्थित रहीं।

# प्रथम शहीद मंगल पांडे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि, युवाओं को देशभक्ति का दिया संदेश

**सहसों।** नव युवक ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में केंद्रीय कार्यालय गारापुर में बुधवार को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत एवं प्रथम शहीद मंगल पांडे की पुण्यतिथि को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते नमन किया। कार्यक्रम में संगठन के महामंत्री प्रमोद शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल फूंकने वाले महान क्रांतिकारी मंगल पांडे ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते हुए पूरे देश में आजादी की अलख जगाई। उनके अदम्य साहस, आत्मविश्वास और देशभक्ति ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि ऐसे वीर सपूतों से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके जोश, जज्बे व स्वाभिमान को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। युवाओं से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वे मंगल पांडे के आदर्शों पर चलते हुए देश की सुरक्षा, संरक्षा और प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर चिंतामणि शुक्ला, चंद्रधर द्विवेदी, डॉक्टर ए एन मिश्रा, आलोक शुक्ला, राजमणि शुक्ला, विनोद शुक्ला, विजय तिवारी, किशन शुक्ला, आशीष शुक्ला, भुनेश शुक्ला, अनुराग मिश्रा, प्रवेश कुमार शुक्ला, पंकज शुक्ला, अनुज कुमार मिश्रा एवं विनय कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत खरौना डहरई बिकास खंड सरसवा जनपद कौशांबी**

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत खरौना डहरई बिकास खंड सरसवा जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 09 अप्रैल 2026 से 16 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 17 अप्रैल 2026 को 2:00 बजे दोपहर में उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**योगेन्द्र त्रिपाठी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत खरौना डहरई**
**वि0खं0 सरसवा जनपद कौशांबी**

**चन्द्र प्रकाश पाण्डेय**
**पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत खरौना डहरई**
**वि0खं0 सरसवा जनपद कौशांबी**


# आंबेडकर जयंती को लेकर सपा की तैयारी तेज, सेक्टरवार कार्यक्रम की बनी रणनीति

## 14 अप्रैल को भव्य आयोजन के लिए पदाधिकारियों को दिए गए दिशा-निर्देश, जिम्मेदारियां तय

अखंड भारत संदेश

**कोरांव प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी कार्यालय कोरांव में बुधवार, 8 अप्रैल 2026 को आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती को सेक्टरवार मनाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल ने की। विधानसभा अध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तृत जानकारी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा जनसंपर्क अभियान और प्रत्येक सेक्टर में आयोजन की जिम्मेदारियों पर गहन चर्चा की गई। बैठक का संचालन कर रहे रविंद्र जैसल जाटव जिला सचिव



ने कहा कि आज बाबा साहब अंबेडकर की ही देन है कि दलित पिछड़ा समाज को स्वतंत्रता से जीने का अधिकार मिला और वह शिक्षा चिकित्सा रोजगार में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से मंगल देव कोल जिला उपाध्यक्ष मेहताब खान नगर अध्यक्ष मीडिया प्रभारी मो. फिरोज, लालजी धनगर निराला शहादत अली एडवोकेट प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी रामानुज यादव पुष्कर यादव महासचिव अश्वनी पटेल विधानसभा अध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ पवन सोनकर ब्लॉक अध्यक्ष कोरांव राधे श्याम यादव अनीता कोल विष्णु यादव सेक्टर एडवोकेट महेंद्र सिंह यादव प्रधान शिवदानी पाल एडवोकेट राधेश्याम यादव शरद सिंह यादव अजीत पटेल सेक्टर प्रभारी महुली राजकुमार कोल ब्लॉक अध्यक्ष मांडा उपेंद्र सिंह कुशवाहा प्रेम शंकर पटेल यादवेंद्र अहीर एडवोकेट एवं कार्यालय प्रभारी कोरांव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जनसंपर्क कर आंबेडकर जयंती को ऐतिहासिक रूप से मनाने में सहयोग करें।

# शादी का झांसा देकर युवती से दो वर्षो तक किया दुराचार, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव में शादी का झांसा देकर युवती से दो वर्षों तक दुराचार किया और वीडीयो वायरल की धमकी दी पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक युवती का आरोप है कि गांव का एक युवक अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ दो वर्षों तक दुष्कर्म करता रहा। शादी की जिद पर मारा पीटा और धमकी देते हुए कहा कहीं शिकायत किए तो तुम्हारा अश्लील वीडियो वायरल कर दूंगा। पीड़िता ने इसकी लिखित शिकायत मऊआइमा थाना में की पुलिस ने बुधवार को आरोपी युवक राज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत गुवारा तैय्यबपुर विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी**

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत गुवारा तैय्यब पुर विकासखंड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 09 अप्रैल 2026 से 16 अप्रैल 2026 दोपहर 12 बजे तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 17 अप्रैल 2026 को 2:00 बजे दोपहर बाद उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**इन्द्र राज सरोज**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत गुवारा तैय्यबपुर**
**वि0खं0 मंझनपुर जनपद कौशाम्बी**

**पंकज मौर्या**
**पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत गुवारा तैय्यबपुर**
**वि0खं0 मंझनपुर जनपद कौशाम्बी**

# करेली में दिनदहाड़े हत्या : तीन हमलावरों ने युवक को मारी गोली, अस्पताल में मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के करेली इलाके में बुधवार को एक युवक की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। तीन हमलावरों ने इरफान नाम के युवक पर फायरिंग की और घटनास्थल से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और जख्मी इरफान को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान इरफान (45) पुत्र लाला मोहम्मद, निवासी बिस्मिल्लाह चौराहा, मक्का मस्जिद के पास, करेली के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि इरफान घर के पास पैदल जा रहा था, तभी तीन हमलावरों ने उसे रोककर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।



### पुलिस और एसओजी जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इरफान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। करेली पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने पूरे इलाके में पूछताछ शुरू कर दी है। आसपास के लोगों और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

### फॉरेंसिक टीम ने किया मुआयना

घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। फिलहाल, हमलावरों की पहचान और हत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश जारी है। अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# जिलाधिकारी की पहल से श्रवण बाधित दंपत्ति को मिला हियरिंग एड, चेहरे पर लौटी मुस्कान

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जनहित को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने एक सराहनीय पहल के तहत श्रवण बाधित दंपत्ति को हियरिंग एड उपलब्ध कराकर उनकी बड़ी समस्या का समाधान किया। इस सहयोग से दंपत्ति के जीवन में राहत आई है और उन्होंने प्रशासन के प्रति आभार जताया है।

बुधवार को शंकरगढ़ निवासी विश्राम और उनकी पत्नी बेचुआ, जो दोनों ही श्रवण बाधित हैं, को इंद्रा देवी सेवा संस्थान के सहयोग से कान की मशीन (हियरिंग एड) प्रदान की गई। हियरिंग एड मिलने के बाद दंपत्ति ने जिलाधिकारी का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब उन्हें दैनिक जीवन में काफी सुविधा मिलेगी।

बताया गया कि इससे पहले दंपत्ति ने जनसुनवाई (जनमिलन) के दौरान जिलाधिकारी से मिलकर अपनी समस्या रखी थी। उन्होंने बताया था कि वृद्धावस्था और सुनने में असमर्थता के कारण उन्हें कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे स्वयं हियरिंग एड खरीदने में सक्षम नहीं थे। दंपत्ति की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित संस्था से समन्वय कर उन्हें हियरिंग एड उपलब्ध कराने की व्यवस्था कराई। इस अवसर पर इंद्रा देवी सेवा संस्थान के प्रतिनिधि राजनारायण मिश्रा भी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी की इस पहल की सराहना करते हुए इसे मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा कदम बताया है।

## न्यूज झरोखा

### प्राथमिक विद्यालय बिगहियां न निकाली स्कूल चलो अभियान रैली



**थरवई।** प्राथमिक विद्यालय बिगहियां में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से एक सराहनीय नवाचार किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा पपेट शो के माध्यम से समुदाय में जाकर अभिभावकों एवं बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पपेट शो के माध्यम से विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं जैसे स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर, कंप्यूटर, एसएससी / ई सी सी ई एजुकेटर, गतिविधि आधारित शिक्षण, मिड डे मील, पुस्तक, ड्रेस, खेल-कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी दी गई और सभी अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने की अपील की गई। कोई भी बच्चा विद्यालय आने से वंचित न रहे। नामांकन जागरूकता के प्रति स्कूल चलो अभियान चलाकर पूरे गांव में प्रचार-प्रसार किया गया जिससे अभिभावकों तक विद्यालय की सुविधाओं और नामांकन अभियान की जानकारी पहुंचाई गई। यह पहल प्रधानाध्यापिका अल्पना सिंह एवं समस्त स्टाफ के सहयोग से की गई। साथ ही प्राथमिक विद्यालय बनकेसरी, सोरांव प्रयागराज में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान भी पपेट शो के माध्यम से अभिभावकों एवं बच्चों को नामांकन के लिए संबोधित किया गया और शिक्षा के महत्व को बताया गया। प्रधानाध्यापिका अल्पना सिंह ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं इसलिए अपने बच्चों का नामांकन अवश्य कराएं और उन्हें नियमित विद्यालय भेजें। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ रीता शर्मा ए आर पी, माधुरी गुप्ता, अंकित पांडेय, कल्पना देवी, रिक्तिका पांडेय, निवेदिता आदि उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

### चलती ट्रेन में फंसे यात्री की सूझबूझ से बची जान, आरपीएफ हेड कांस्टेबल की बहादुरी की सराहना




**प्रयागराज।** कालिंदी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे एक यात्री की जान उस समय बाल-बाल बच गई, जब वह चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गिर गया। मौके पर मौजूद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के हेड कांस्टेबल की सतर्कता और साहस ने बड़ी घटना को टाल दिया। मंगलवार, 8 अप्रैल 2026 को गाड़ी संख्या 14117 (कालिंदी एक्सप्रेस) दोपहर करीब 3:50 बजे प्लेटफॉर्म संख्या 1 से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो रही थी। इसी दौरान एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहा था, लेकिन संतुलन बिगड़ने के कारण वह प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंसकर गिर पड़ा। प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह ने घटना को तुरंत भांप लिया। बिना समय गंवाए उन्होंने साहस और तत्परता का परिचय देते हुए यात्री को खतरनाक स्थिति से बाहर निकालकर सुरक्षित प्लेटफॉर्म पर पहुंचाया। घायल यात्री की पहचान समर प्रताप (41) पुत्र भूपेंद्र सिंह के रूप में हुई है, जो उक्त ट्रेन में प्रयागराज से कानपुर के लिए यात्रा कर रहा था। घटना के बाद वह अचेत हो गया, जिसके बाद मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने उसे सीपीआर दिया। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध मेडिकल टीम की मदद से प्राथमिक उपचार कर उसे होश में लाया गया। हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह की इस बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा की सभी ने सराहना की। मौके पर मौजूद यात्रियों और अन्य लोगों ने भी उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज संलग्न कर रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी गई है।

### कोहड़ार के आदिवासी बस्ती में आग प्रभावित दो परिवारों लिए मेजा ऊर्जा निगम की सराहनीय पहल



कोहड़ार में आग प्रभावित परिवारों की मदद में आगे आकर राहत सामग्री देते निगम के कर्मचारी गण

**मेजा।** ग्राम कोहड़ार में लगी भीषण आग से घर जलकर खाक हो गए, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। आग लगने के कारण दो परिवार बेघर हो गए और उनके सामने खाने-पीने तथा आवश्यक वस्तुओं का संकट उत्पन्न हो गया। ऐसे में मेजा ऊर्जा निगम ने अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रम (सीएसआर) के अंतर्गत त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री प्रदान की। निगम द्वारा पीड़ितों को तिरपाल, खाद्य सामग्री एवं बर्तन वितरित किए गए, ताकि उनकी तत्काल आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके और पुनर्वास में सहायता मिल सके। गौरतलब है कि स्थानीय लोगों ने मेजा ऊर्जा निगम के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि इस सहायता से उन्हें काफी राहत मिली है। साथ ही, गाँव के लोग भी एक-दूसरे की मदद के लिए आगे आए हैं, जिससे सामाजिक एकता का उदाहरण देखने को मिला। राहत वितरण के दौरान मेजा ऊर्जा निगम के अधिकारीगण,ग्राम प्रधान कोहड़ार एवं ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# PDA ने झूंसी में 10 बीघा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की : नाले और ग्राम सभा की जमीन पर कब्जेदारों पर चला बुलडोजर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागरा ।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण (PDA) ने बुधवार को झूँसी और आसपास के इलाकों में अवैध निर्माण तथा प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण की टीम ने लगभग 10 बीघे जमीन से अवैध कब्जा हटाते हुए करोड़ों रुपये की अवैध कॉलोनियों और प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। यह ध्वस्तीकरण अभियान जोनल अधिकारी प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में जोन-5 के तहत आने वाले झूँसी के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया। कनिहार रोड (कुसमीपुर) पर आलोक मिश्रा और उनके सहयोगियों द्वारा लगभग 2 बीघे में की गई अवैध प्लाटिंग को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

उस्तापुर महमूदाबाद में के.पी. लॉ कॉलेज के सामने धुन्नू यादव और अजय यादव द्वारा करीब 6 बीघे में बसाई जा रही अवैध कॉलोनी पर PDA का बुलडोजर चला। इसी तरह, उस्तापुर महमूदाबाद में एक अन्य स्थान पर बब्लू यादव द्वारा 2 बीघे में की गई अवैध प्लाटिंग को भी ध्वस्त कर दिया गया।

सबसे बड़ी कार्रवाई उस्तापुर महमूदाबाद के जिरातमतन इलाके में हुई। यहां उदय प्रताप श्रीवास्तव उर्फ विधायक और उनके साथियों ने ग्राम सभा और नाले की जमीन पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग की थी। इस संबंध में नायब तहसीलदार फूलपुर ने थाना झूँसी में प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज कराई है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिन भी व्यक्तियों ने अवैध प्लाटिंग की है, उनके विरुद्ध संबंधित थानों में तहरीर देकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। जोनल अधिकारी प्रवीण कुमार यादव के साथ अवर अभियंता, सुपरवाइजर और PDA की प्रवर्तन टीम ने झूँसी पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई पूरी की। प्राधिकरण ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी भूखंड को खरीदने से पहले उसके स्वीकृत नक्शे की जांच अवश्य कर लें, अन्यथा अवैध निर्माण पर कार्रवाई सुनिश्चित है। इसी तरह, उस्तापुर महमूदाबाद में एक अन्य स्थान पर बब्लू यादव द्वारा 2 बीघे में की गई अवैध प्लाटिंग को भी ध्वस्त कर दिया गया। सबसे बड़ी कार्रवाई उस्तापुर महमूदाबाद के जिरातमतन इलाके में हुई। यहां उदय प्रताप श्रीवास्तव उर्फ विधायक और उनके साथियों ने ग्राम सभा और नाले की जमीन पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग की थी। इस संबंध में नायब तहसीलदार फूलपुर ने थाना झूँसी में प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज कराई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिन भी व्यक्तियों ने अवैध प्लाटिंग की है, उनके विरुद्ध संबंधित थानों में तहरीर देकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। जोनल अधिकारी प्रवीण कुमार यादव के साथ अवर अभियंता, सुपरवाइजर और ढऊअ की प्रवर्तन टीम ने झूँसी पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई पूरी की। प्राधिकरण ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी भूखंड को खरीदने से पहले उसके स्वीकृत नक्शे की जांच अवश्य कर लें, अन्यथा अवैध निर्माण पर कार्रवाई सुनिश्चित है।

# छठे प्रयास में मिली सफलताः अभिनेश कुमार बने नायब तहसीलदार, हुआ भव्य स्वागत



**सहसों।** क्षेत्र के बेरूई गांव निवासी अभिनेश कुमार पुत्र स्वर्गीय त्रिलोकी नाथ के लोक सेवा आयोग में नायब तहसीलदार पद पर चयनित होने पर बुधवार को सहसों चौराहा स्थित पेट्रोल पंप के सामने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज की अगुवाई में युवाओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। सहसों पहुंचने पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने अभिनेश कुमार को मिठाई खिलाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस दौरान कुछ लोगों ने उन्हें बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का तैलचित्र भेंट कर सम्मान प्रकट किया।

इस अवसर पर भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश द्विवेदी ने अभिनेश को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभिनेश कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर प्रयास और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि यह सफलता उन्हें छठे प्रयास में मिली है। वर्ष 2018 में पहली बार उन्होंने मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार तक पहुंच बनाई थी, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की कविता ह्हार नहीं मानूंगाह्व से प्रेरणा लेकर लगातार प्रयास करते रहे। हर बार मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू तक पहुंचने के बावजूद सफलता नहीं मिली, लेकिन इस बार छठे प्रयास में उन्होंने 194वीं रैंक प्राप्त कर नायब तहसीलदार पद हासिल किया। उन्होंने बताया कि स्नातक के बाद पिता के निधन के पश्चात बड़े भाई विवेक कुमार एवं अभिषेक कुमार ने पिता की भूमिका निभाते हुए उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही माता फूला देवी, गुरुजनों और मित्रों का सहयोग उनकी सफलता में अहम रहा। युवाओं को संदेश देते हुए अभिनेश कुमार ने कहा कि पढ़ाई में घंटों से अधिक महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित कर नियमित और समर्पित अध्ययन करना है, यही सफलता का मूल मंत्र है।

### नैनी छिवकी रेलवे स्टेशन से शराब तस्कर गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में बढ़ती चोरी व छिनैती की घटनाओं की रोकथाम अवैध तस्करी पर अंकुश एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत जीआरपी एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक रेलवे पुलिस महानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी रेलवे प्रयागराज अरुण कुमार पाठक के पर्यवेक्षण में की गई। प्रभारी निरीक्षक अकलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जीआरपी छिवकी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रामकरन सिंह एवं आरपीएफ टीम ने रेलवे स्टेशन छिवकी प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 2 (दिल्ली साइड) से सुबह लगभग 11:50 बजे अभियुक्त विकाश कुमार उर्फ पिन्टू को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के पास से एक बैग में कुल 44 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जिनमें ब्लेंडर प्राइड, आइकोनिक व्हाइट एवं ऑफिसर्स च्वाइस ब्रांड शामिल हैं। बरामद शराब की कुल कीमत लगभग 20 हजार रुपये बताई गई है। पूछताछ में पता चला कि अभियुक्त ट्रेन के माध्यम से शराब को बिहार ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचता था। इस संबंध में जीआरपी प्रयागराज थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# स्नेह और कागजों से नहीं बल्कि बिताए गए वक्त और निभाए गए वादों से बनते हैं संबंध : मनोज शुक्ला

मंत्रीपद प्रत्याशी चुनाव प्रचार के दौरान अधिवक्ता साथियों से कही बड़ी बात संबंधों और वादों तथा बार के स्वर्णिम भविष्य और मजबूती के मद्देनजर मांगा समर्थन और स्नेहिल आशीर्वाद

**मेजा बार एसोसिएशन चुनाव**

**अखंड भारत संदेश**



चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में संबंधों और मेजा बार के स्वर्णिम भविष्य हेतु समर्थन और आशीर्वाद मांगते प्रत्याशी मनोज शुक्ला

**मेजा।** मेजा बार के ऊजार्वान एवं विद्वान अधिवक्ता साथियों वकालत केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त करने का एक पवित्र माध्यम है। इसके माध्यम से अपने धर्म को निभाने वाले अधिवक्ता' जब न्यायालय के गलियारों में संघर्ष करते है तब उन्हें पीछे से एक मजबूत संगठन रूपी की ताकत की जरूरत होती है। ऐसे में मेजा बार एसोसिएशन हम सबकी वह पहचान है जिसे बरकरार रखने के लिए हम सभी को मिलकर और भी मजबूत और गौरवशाली बनाना बेहद अहम है। उक्त बातें मेजा बार चुनाव के मंत्री पद प्रत्याशी मनोज शुक्ला ने तहसील परिसर में अधिवक्ताओं से जनसंपर्क करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मैं अपने इसी संकल्प के साथ मेजा बार एसोसिएशन के मंत्री पद हेतु अपनी दावेदारी पेश किया हूं। उन्होंने आगे कहा कि

मनोज शुक्ला नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। कोर्ट की कार्यवाही हो या चेंबर की चर्चा, हर जगह उन्होंने अपनी उदारता, शालीनता विद्वता और मिलनसारिता से सबका दिल जीतने वाले युवा मंत्री पद प्रत्याशी श्री शुक्ल ने आगे कहा कि मंत्री पद कोई सत्ता नहीं, बल्कि आप सभी साथियों की सेवा करने का एक जरिया है। उन्होंने इस बार के चुनाव को बेहद खास बताया और कहा यह चुनाव केवल एक व्यक्ति को चुनने का नहीं है, बल्कि जूनियर साथियों को सही मार्गदर्शन और वरिष्ठों को उचित सम्मान दिलाने वाली सोच खास होनी चाहिए साथ ही बार और बेंच के बीच एक मजबूत और पारदर्शी सेतु बनाने के अटूट विश्वास की सोच के लिए चुनाव बेहद खास है। उन्होंने कहा रात हो या दिन अपने अधिवक्ता साथियों के लिए की समस्या के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं रही मैं हमेशा उनके लिए खड़ा रहा। श्री शुक्ल प्रचार प्रसार के दौरान कहा कि साथियों संबंध और स्नेह कागजों से नहीं, बल्कि साथ बिताए गए वक्त और निभाए गए वादों से बनते हैं कचहरी हो या गांव मैं हमेशा रिश्तों को ही बड़ी अहमियत देता रहा हूं। उन्होंने कहा आज समय है हम एकजुट होकर एक ऐसे कर्मठ साथी का हाथ थामें जो हमारे बार की आवाज को बुलंद कर सके। श्री शुक्ल शायरी के जरिए कहा कि

दुआएं मिल जाएं तो तकदीर बदल जाती है, साथ मिल जाए तो तस्वीर बदल जाती है,

अगर मिलकर चुनेंगे हम अपना सारथी, तो यकीन मानिए मेजा बार की तकदीर बदल जाएगी। उन्होंने आने वाले 10 अप्रैल को मंत्री पद के योग्य,ईमानदार और जुझारू और आज्ञाकारी युवा दुलेरुवा प्रत्याशी को बहुमूल्य मतों और आशीर्वाद से नवाजे जाने और मेजा बार के स्वर्णिम भविष्य की मजबूत नींव रखने की जोरदार अपील किया है।

# विकास उरुवा के परिषदीय विद्यालय की एक शिक्षिका और दो महिला शिक्षामित्र हुई बर्खास्त

विद्यालय में लंबे समय से अनुपस्थित रहने तथा शिक्षण कार्य में रुचि न लेने का आरोप सिद्ध होने पर प्राथमिक विद्यालय बरवा की सहायक शिक्षिका शालिनी सिंह व संविलियम विद्यालय टुड़िहार की शिक्षा मित्र संगीता सिंह और अरई मदरा की शिक्षा मित्र अंजू मिश्रा को शिक्षा निदेशक बेसिक ने बर्खास्त कर की सेवाएं समाप्त

**अखंड भारत संदेश**



वरुण मिश्रा बीईओ उरुवा

**मेजा।** उत्तर प्रदेश में फर्जी दस्तावेजों, लंबी अनुपस्थिति और अनुशासनहीनता के कारण शिक्षकों की सेवा समाप्ति की खबरें जहां प्रमुखता से आ रही हैं। वहीं उरुवा ब्लॉक में लंबे समय से अनुपस्थित रहने तथा शिक्षण कार्य मे रुचि न लेने का आरोप सिद्ध होने पर दो महिला शिक्षामित्र व एक सहायक शिक्षिका को बर्खास्त कर सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा वरुण मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 दिसंबर 2024 से लगातार अनुपस्थित चल रही प्राथमिक विद्यालय बरवा की सहायक अध्यापिका शालिनी सिंह को शिक्षा निदेशक बेसिक उत्तर प्रदेश के 3 दिसंबर 2024 को दिए गए आदेश के निर्देश के क्रम में शिक्षिका के पद से बर्खास्त किया गया है। शालिनी सिंह का अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के फलस्वरूप वर्ष 2013 में जनपद में कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ही कई बार विद्यालय में अनुपस्थित चल रही थी। तीन बार नोटिस देने के बावजूद जवाब न मिलने पर बीएसए ने बर्खास्त की कार्रवाई की है। इससे पहले भी इनकी 29 अप्रैल 2019 से 10 अक्टूबर 2020 तक कुल 163 दिन की सेवाएं बाधित की जा चुकी है। इसी प्रकार संविलियम विद्यालय टूडिहार में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत संगीता सिंह 1 अगस्त 2024 से लगातार विद्यालय में अनुपस्थित चल रही हैं। संगीता सिंह को तीन बार अपना पक्ष रखने के लिए रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से पत्र भी भेजा गया, लेकिन शिक्षामित्र की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। जिससे शिक्षा निदेशक बेसिक के आदेश दिनांक 3 दिसंबर 2024 को दिए गए निर्देश के क्रम में बर्खास्त करने व अनुबंध समाप्त कर शिक्षा मित्र के पद से बर्खास्त कर दिया गया। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय अरई,मदरा मुकुंदपुर में शिक्षामित्र अंजू मिश्रा 1 जुलाई 2020 से अनवरत अनुपस्थित चल रही हैं और वह वर्तमान समय में पुणे,महाराष्ट्र में निवास कर रही है। अंजू मिश्रा को भी तीन बार कारण बताओं नोटिस जारी की गई लेकिन कोई जवाब न मिलने पर शिक्षा निदेशक बेसिक ने अपने आदेश 3 दिसंबर 2024 में अनुबंध समाप्ति कर शिक्षामित्र के पद से बर्खास्त कर दिया है। बीईओ उरुवा वरुण मिश्रा ने कहा कि संबंधित तीनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है।

> उरुवा ब्लॉक की एक शिक्षिका और दो महिला शिक्षामित्र काफी लंबे समय से विद्यालय में अनुपस्थित चल रही थी और शिक्षण कार्य में भी रुचि नही ले रही थीं। जिससे शिक्षा निदेशक बेसिक ने तीनों महिलाओं की सेवा से बर्खास्त के आदेश दिए हैं। संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को भी पत्र के माध्यम से सूचना दे दी गई है।
>
> **-वरुण मिश्रा खंड शिक्षा अधिकारी बीआरसी उरुवा**

# नगर पंचायत सिरसा में भाजपा नामित सभासदों को एसडीएम मेजा ने दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

**शपथ लेने वालों में उमाकांत सेठ सिंटू सेठ मनीष पाठक उर्फ रिंकू और विजय शंकर रहे भाजपा के नामित सभासद**



नगर पंचायत सिरसा में पद और गोपनीयता की शपथ लेते भाजपा नामित सभासद

**मेजा।** नगर पंचायत सिरसा में भारतीय जनता पार्टी की ओर से नामित किए गए सभासदों को एसडीएम मेजा सुरेंद्र प्रताप यादव द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान एसडीएम मेजा श्री यादव ने सर्व प्रथम सभी नामित सदस्यों को बधाई दिया तत्पश्चात विधिवत शपथ दिलाई। इस दौरान शपथ लेने वालों में उमाकांत सेठ, सिंटू सेठ, रिंकू पाठक उर्फ मनीष पाठक और विजय शंकर ने सभासद पद की शपथ ली। कार्यक्रम में नगर पंचायत सिरसा के चेयरमैन लखन केशरी ने भी सभी नामित सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। शपथ ग्रहण समारोह के बाद सभासदों ने नगर पंचायत क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और पूरी निष्ठा, ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर नगर पंचायत कार्यालय के कर्मियों के अलावा क्षेत्रीय नागरिक भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैकि मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम 'स्वास्तिक त्रिपाठी' पुत्र/आत्मज श्री धीरज त्रिपाठी है. जो उसके सभी शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या 8014 8729 5683. में उसका नाम कृष्ण दास त्रिपाठी अंकित हो गया है, जो कि अशुद्ध एवं गलत है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम स्वास्तिक त्रिपाठी के नाम से पहचाना एवं जाना जाता है। एततद्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बंध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

**निवेदक- धीरज त्रिपाठी नि० ग्राम ताजपुर पूरे लोनाखार पो० ताजपुर तह० कुंडा प्रतापगढ़ (उ० प्र०)। मो० नं० 9005089570**

## ढकवा नगर पंचायत कार्यालय में एंटी करप्शन टीम की छापेमारी, मचा हड़कंप



**पट्टी।** नगर पंचायत ढकवा कार्यालय में बुधवार को एंटी करप्शन टीम के अचानक पहुंचने से हड़कंप मच गया। करीब दो घंटे तक चली जांच-पड़ताल के दौरान टीम ने कर्मचारियों से गहन पूछताछ कर उनके लिखित बयान दर्ज किए।

दरअसल नगर पालिका के एक निलंबित कर्मचारी द्वारा रिश्वत लेने के मामले में ढकवा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अभिनव यादव भी आरोपी बनाए गए हैं। शासन ने इस प्रकरण में पहले ही उन्हें निलंबित कर दिया था। जानकारी के अनुसार प्रयागराज एंटी करप्शन टीम ने 9 जनवरी को नगर पालिका कार्यालय में कार्रवाई करते हुए निलंबित कर्मचारी प्रशांत सिंह को 87,500 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। यह कार्रवाई भदोही निवासी प्रवीण रामपाल सिंह की शिकायत पर की गई थी। आरोप है कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले उनकी फर्म से कमीशन की मांग की गई थी। इसी मामले में दर्ज एफआईआर में ढकवा के अधिशासी अधिकारी अभिनव यादव को भी नामजद किया गया था। प्रकरण की जांच को आगे बढ़ाते हुए एंटी करप्शन टीम बुधवार को प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह के नेतृत्व में ढकवा नगर पंचायत कार्यालय पहुंची। टीम ने कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई और लिखित बयान दर्ज किए। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक त्यागी और अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे न्यायिक एसडीएम अनुराग सिंह मौके पर मौजूद नहीं मिले। करीब दोपहर तीन बजकर तीन मिनट पर टीम जांच पूरी कर वापस लौट गई। छापेमारी के बाद पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है और कर्मचारियों में भी खासी बेचैनी देखी जा रही है।

### दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कुंडा।** थाना हथिगवां पुलिस ने दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त गोपाल शाहू को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी ग्राम काकराबाद कसिया, थाना कोखराज, जनपद कौशाम्बी से की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी और क्षेत्राधिकारी कुण्डा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में निरीक्षक अयोध्या कुमार, हेड कांस्टेबल सत्येन्द्र सिंह और महिला कांस्टेबल अंजली त्रिपाठी ने इस अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना हथिगवां पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि अभियुक्त गोपाल शाहू ग्राम काकराबाद कसिया में मौजूद है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गोपाल शाहू, पुत्र मथुरा प्रसाद, निवासी ग्राम काकराबाद कसिया, थाना कोखराज, जनपद कौशाम्बी के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी और प्रतापगढ़ पुलिस जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

## बाइपास तिराहे पर पुलिस के अचानक चेकिंग से वाहन चालकों में मचा हड़कम्प



**पट्टी।** कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की देर शाम बाइपास तिराहे पर अचानक सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर इलाके में हड़कंप मचा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से गुजर रहे वाहन चालकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई बाइक सवार पुलिस को देखकर रास्ता बदलते और जल्दबाजी में निकलने की कोशिश करते नजर आए। पुलिस टीम ने मौके पर दोपहिया और चारपहिया वाहनों को एक-एक कर रोककर कड़ी जांच पड़ताल की। हेलमेट न पहनने वालों पर सख्ती दिखाई गई, वहीं संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी तलाशी भी ली गई। इस दौरान कुछ वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ा गया, जबकि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए यह अभियान चलाया गया। उन्होंने साफ कहा कि आगे भी इस तरह की अचानक चेकिंग जारी रहेगी, जिससे कानून व्यवस्था मजबूत बनी रहे। चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक ज्योति सविता, राजेश सिंह, अभिषेक सिंह, पंकज चौहान और बृजेश सिंह समेत भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। पुलिस की सख्ती और अचानक कार्रवाई से पूरे इलाके में देर रात तक चर्चा का माहौल बना रहा।

## न्यूज झरोखा

### अवैध तमंचा और कारतूस के साथ पुलिस ने आरोपी को दबोचा



**पट्टी।** दिलीपपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक शातिर युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी दिलीपपुर बलराम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम चैपई के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। पूछ–ताछ में उसकी पहचान महताब हुसैन (33) पुत्र स्वर्गीय जमीलद्दीन, निवासी ग्राम सरखेलपुर थाना दिलीपपुर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना दिलीपपुर में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रमिल कुमार, उपनिरीक्षक पंकज कुमार वर्मा, कांस्टेबल आशीष कुमार और कांस्टेबल सुनील पटेल की अहम भूमिका रही।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**पट्टी।** जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत थाना पट्टी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और अपराधियों में खौफ का माहौल देखा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर चल रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी आनंद पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार वांछित व संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ में जुटी थी। इसी दौरान उपनिरीक्षक सरनाम सिंह व कांस्टेबल हरिकेश पाल क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे, तभी मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के महदहा नहर पुलिया के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अरुण कुमार गौतम (22) पुत्र मुन्नर गौतम निवासी ग्राम पुरानी पट्टी, थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का पीड़िता के साथ पहले से संबंध था और उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें वह वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### जगन्नाथ स्वामी के भंडारे में साहू समाज की विभूतियों को किया गया सम्मानित




**कुंडा।** बुधवार को मानिकपुर के काजीपुर निवासी अमित साहू द्वारा जगन्नाथ स्वामी का भंडारा आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में अपने उत्कृष्ट कार्यों से साहू समाज का नाम रोशन करने वाले अधिकारियों–कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया के बड़े पुत्र शिवराज सिंह ने मां कमार्बाई व जगन्नाथ स्वामी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा साहू समाज हमारे परिवार जैसा है। साहू समाज प्रयागराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रिकाप्रसाद साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। हमारा समाज हर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। भाजपा नेत्री सुमन साहू ने कहा की सभी समाज को साथ लेकर साथ चलने की जिम्मेदारी हमारी है। उन्होंने समाज के संगठन में महिला और युवा प्रकोष्ठ के साथ ही अन्य प्रकोष्ठों के गठन पर जोर दिया। साहू समाज के जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता उर्फ गुड्डू गुप्ता ने आयोजित साहू अधिकारी–कर्मचारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह को ऐतिहासिक एवं गरिमामय बताते हुए इसके आयोजन के लिए समाज के पदाधिकारियों को बधाई दी। हरिओम गुप्त, अनूप साहू, राजेश साहू, सुमित साहू, मुकेश साहू, दिनेश गुप्त, मंजीत साहू, संगम लाल गुप्त, जेठू लाल साहू समेत भारी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित रहे।

### नव मनोनीत सभासदों को समारोहपूर्वक दिलायी गयी शपथ, हुआ सम्मान




**लालगंज।** शासन द्वारा नगर पंचायत के लिए नामित सभासदो का बुधवार को समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण कराया गया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने नामित सभासद राजेश तिवारी, राजकुमार बरनवाल व बिन्दु शर्मा को पद का प्रतिज्ञान कराया। बतौर मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने नगर के विकास में रचनात्मक सोच के साथ सामूहिक संकल्प पर जोर दिया। उन्होने कहा कि लालगंज आदर्श नगर पंचायत में विकास तथा जनसुविधाओं के लिए सबको मिलकर कार्य करना चाहिए। नगर पंचायत के समग्र विकास को लेकर शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने चेयरपर्सन प्रतिनिधि अनीता द्विवेदी के प्रयासों को जमकर सराहा। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने भी विकास तथा शासकीय योजनाओं के संचालन में स्वायत्तशाषी संस्थाओं की रचनात्मक भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि भाजपा मण्डल प्रभारी बृजेशचंद्र पाण्डेय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन मण्डल अध्यक्ष राजेश मिश्र एवं अनिल शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया। प्रारम्भ में अधिशाषी अधिकारी इन्द्र प्रताप ने नव मनोनीत सभासदों व अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। समारोह को भाजपा नेता ललित तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी झुन्ना, प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, पूर्व सभासद बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, हरिशंकर द्विवेदी, बृजेन्द्र तिवारी, ललित तिवारी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर डॉ0 रामसमुझ मिश्र अकेला, मिथलेश जायसवाल, हेमन्त पाण्डेय, अरूण गुप्ता, प्रवीण शुक्ला, सुधा पाण्डेय, रिंकू शुक्ला, लालजी तिवारी, कपिल तिवारी, रमाशंकर तिवारी, पप्पू मिश्र आदि रहे।

## विजिलेंस टीम की बड़ी कार्रवाई, 50 हजार रिश्वत लेते बीपीएम गिरफ्तार

**कुंडा।** विजिलेंस टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाघराय में तैनात ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने दिनांक 06 अप्रैल 2026 को सतर्कता अधिष्ठान, प्रयागराज के पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि बाघराय क्षेत्र के पीएचसी हरदो पट्टी में स्वीपर पद पर भर्ती कराने के नाम पर बीपीएम अमित मिश्रा द्वारा डेढ़ लाख रुपये की मांग की गई थी। साथ ही, प्रारंभिक रूप से 50 हजार रुपये रिश्वत देने को कहा गया था। शिकायत की गोपनीय जांच के बाद मामला सही पाए जाने पर ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई गई। इसी क्रम में 08 अप्रैल 2026 को निरीक्षक नन्हे राम सरोज के नेतृत्व में गठित सतर्कता टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाघराय में छापा मारकर आरोपी अमित कुमार मिश्रा को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी प्रतापगढ़ जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के करैटी रोड समापुर का निवासी है और वर्तमान में बाघराय सीएचसी में ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक के पद पर कार्यरत था। इस संबंध में सतर्कता अधिष्ठान, प्रयागराज सेक्टर में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। सतर्कता अधिष्ठान के पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है तो इसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नंबर 9454404859 या 9454401866 पर दें, ताकि भ्रष्टाचार के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## बेकाबू ट्रैक्टर ने साइकिल सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के डाही गांव निवासी अमर बहादुर ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि बीते 5 अप्रैल को उनके 85 वर्षीय पिता रामपाल साइकिल से सदहा बाजार जा रहे थे। रास्ते में एक तेज रफ्तार और बेकाबू ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामपाल गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका पैर टूट गया। परिजनों ने आनन-फानन में घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष राकेश चैरसिया ने बताया कि प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी ट्रैक्टर चालक शिवकुमार यादव उर्फ गोरेलाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच जिओ टॉवर में लगी भीषण आग

**कुंडा।** स्थानीय बाजार के निकट स्थित जिओ मोबाइल टावर एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गया है। सोमवार की सुबह टावर परिसर में स्थित जनरेटर में शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गई। इस घटना ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है, बल्कि टावर प्रबंधन पर पहले से लग रहे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों को और हवा दे दी है। सोमवार सुबह जब टावर से धुआं और आग की लपटें उठती दिखीं, तो पूरे संग्रामगढ़ बाजार में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सजगता से फौरन संबंधित कर्मचारियों और फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग समय रहते बुझा ली गई, अन्यथा घनी आबादी वाले क्षेत्र के निकट एक बड़ी त्रासदी हो सकती थी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि टावर पर अक्सर कोई जिम्मेदार कर्मचारी तैनात नहीं रहता, जिससे आपातकालीन स्थितियों में जोखिम बढ़ जाता है। टावर पर पहले से ही डीजल की हेराफेरी और कटियामारी (अवैध कनेक्शन) जोड़कर बिजली चोरी करने के आरोप लगते रहे हैं। मामले पर जब पावर हाउस संग्रामगढ़ के जेई विनय जायसवाल से बात की गई, तो उन्होंने कहा, नियमतः जिस टावर का कनेक्शन है, वहां मीटर होना अनिवार्य है। अवैध बिजली इस्तेमाल (कटिया) के विषय में अभी जानकारी नहीं है। क्षेत्र में कई टावर हैं, इस विशिष्ट मामले की जांच की जाएगी।



## सेवानिवृत्ति के पूर्व अपने कामों की छाप छोड़ जाते हैं कार्मिक, पूर्व जिलाध्यक्ष




**बेलखरनाथ धाम।** हम जिस भी सेवा में होते हैं वहां अपने आचरण कर्म और व्यवहार से अपनी छाप सबके बीच छोड़ जाते हैं जो हमारी सेवा निवृत्ति के बाद भी स्मरणीय रहता है। उक्त बातें विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम के प्राथमिक विद्यालय शेखपुर अठगवा के सहायक अध्यापक दुर्गा प्रसाद शुक्ल की सेवानिवृत्ति पर विद्यालय द्वारा आयोजित विदाई समारोह में प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने कही।उन्होंने कहा कि हमारी नौकरी की तिथि भले ही अनिश्चित रहती है पर नौकरी के बाद सेवानिवृत्ति की तिथि निश्चित हो जाती है। इसलिए हमें अपनी सेवा अवधि में अपने कर्मों में आदर्श स्थिति उत्पन्न कराना चाहिए। विदाई समारोह में पूर्व कानूनगो विनोद शुक्ल भी अपने विचार रखे।इस दौरान रिटायर शिक्षक दुर्गा प्रसाद को अंग वस्त्र व राम चरित मानस देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व शिक्षिका प्रेम लता शुक्ला व संचालन दिनेश कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संतोष मिश्रा, मोहम्मद आकिल,नीतू सिंह रेखा मौर्या,रवि कांत गुप्ता अजय कुमार दुबे,राकेश कुमार,आलोक तिवारी, गोविंद नाथ यादव, स्वदेश सिंह, सहित ब्लाक के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे।

### पट्टी नगर पंचायत में आज होगा शपथ ग्रहण समारोह

**पट्टी।** आदर्श नगर पंचायत पट्टी के नव-नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह अब नए स्थान पर आयोजित किया जाएगा। पहले यह कार्यक्रम रायपुर रोड स्थित विवाह मंडप में प्रस्तावित था, लेकिन अंतिम समय में बदलाव करते हुए इसे नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। यह महत्वपूर्ण समारोह 9 अप्रैल को आयोजित होगा, जिसमें उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी (एसडीएम) पट्टी पूर्णेन्दु मिश्रा द्वारा नव-नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रशासन व नगर पंचायत की टीम जुटी हुई है। वहीं वार्ड नंबर 10 के सभासद प्रतिनिधि सजीवन सोनी ने जानकारी दी कि स्थल परिवर्तन के बाद अब पूरा कार्यक्रम नगर पंचायत कार्यालय परिसर में ही संपन्न कराया जाएगा।समारोह को लेकर नगर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

## गैर शुल्क अदायगी के साथ ईंट निर्माण को लेकर प्रशासन ने कसा शिकंजा

**लालगंज।** विनियमन शुल्क जमा करने में लापरवाही को लेकर प्रशासन द्वारा ईट भटठो पर शिकंजा कसे जाने के अभियान को लेकर तहसील क्षेत्र में हडकंप का माहौल दिखा है। लालगंज एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने खनन टीम के साथ पतुलकी गांव में संचालित हो रहे बीपीएस ईट उद्योग के द्वारा पिछले दो वर्षो से बिना विनियमन शुल्क के मिटटी के खनन को लेकर गहन पड़ताल की। मंगलवार की देर शाम एसडीएम की अगुवाई में फोर्स व टीम के अचानक ईट उद्योग आ धमकने पर हडकंप मच गया। जांच में पाये गये कि संचालको द्वारा पिछले दो वर्षो से अवैध रूप से मिटटी का खनन करते हुए ईट निर्माण को लेकर भटठे का संचालन किया जा रहा है। विभाग द्वारा नोटिस के बावजूद शुल्क अदायगी में अनसुनी को लेकर एसडीएम ने कडी नाराजगी जतायी। टीम ने राजस्व क्षति को देखते हुए भटठे पर मिटटी खनन में लगे एक ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर लीलापुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बताया कि बिना विनियमन शुल्क जमा किये ईट निर्माण में लगे भटठों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासनिक कार्रवाई से ईट भट्ठो के संचालकों में बुधवार को भी हडकंप मचा हुआ दिखा।




### ट्रैक्टर सवारों ने युवक को घेरकर पीटा, मुकदमा दर्ज

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में मामूली हॉर्न बजाने की बात पर युवक के साथ मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सदहा बाजार के पास बीच सड़क पर ट्रैक्टर खड़ा कर 7–8 लोगों ने युवक को घेरकर डंडों से जमकर पीटा, जिससे वह घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, पूरे बाल किसुन गांव निवासी अविरल शुक्ला बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे अपने पिता रंगनाथ शुक्ला को लेने सदहा बाजार जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर को पास देने के लिए उन्होंने हॉर्न बजाया। आरोप है कि इस बात पर ट्रैक्टर सवार युवक भड़क गए और बीच सड़क पर वाहन रोककर नीचे उतर आए। पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों ने बिना कुछ सुने ही उसे घेर लिया और डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी। हमले में उसे गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद घायल युवक ने शाम करीब 6 बजे थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घायल का मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपी सत्यम यादव, रंजीत यादव समेत 6–7 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अग्नि के आपदा प्रबन्धन व बचाव को लेकर छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक



**प्रतापगढ़।** अझारा स्थित पं0 नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में बुधवार को अग्निशमन जागरूकता को लेकर छात्र छात्राओं के बीच फायर एवं आपदा प्रबंधन को लेकर बचाव के उपाय को लेकर जानकारियां प्रदान की गयी। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेण्ट तथा जिले की अग्निशमन एवं आपात सेवा के तत्वाधान में जागरूकता को लेकर फायर बिग्रेड टीम द्वारा फायर ड्रिल, मॉक ड्रिल तथा इवेक्वेशन ड्रिल के जरिए बचाव का गुर बताया गया। अग्निशमन केन्द्र प्रतापगढ़ के प्रभारी राधेश्याम दुबे ने आपातकालीन परिस्थितियों में आग लगने पर सुरक्षित निकासी व प्राथमिक सुरक्षा के उपायों पर प्रकाश डाला गया। वहीं विभाग के विजय बहादुर यादव, अवनीश कुमार, अमितेश एवं शिवम द्वारा आग बुझाने की तकनीकी का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संयोजन एकेडमिक कंट्रोलर रीमा मिश्रा ने किया। उन्होने विद्यालय में इस कार्यक्रम को शैक्षिक ज्ञान के साथ जीवन रक्षक कौशल की जानकारी के लिए लाभप्रद बताया। संस्थापक रमेशचंद्र मिश्र, प्रबंधक सुनीता मिश्र, संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र, एचआर हेड गौरव मिश्र व सीमा मिश्रा ने अग्निशमन विभाग के प्रति जागरूकता कार्यक्रम को लेकर आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर हिमांशु शुक्ला, अनीता द्विवेदी, मीनू तिवारी, श्यामशंकर मिश्र, मनोज शुक्ल, प्रदीप शुक्ल, शरद मिश्र, राजीव रत्न त्रिपाठी, रवीन्द्र शुक्ल, विवेक पाण्डेय, श्रुति शुक्ला, प्रतिज्ञा श्रीवास्तव व अनिल द्विवेदी आदि रहे।

## किशोर की पिटाई में चार के खिलाफ केस

**कुंडा।** हथिगवां थाना क्षेत्र के परेवा नारायणपुर गांव निवासी फरजाना पत्नी मो. हुसबान ने पुलिस को तहरीर दी। तीन अप्रैल की शाम करीब पांच बजे उसका 15 वर्षीय बेटा मो. अफरान घर के पास ही भैंस चरा रहा था। तभी गांव के ही मो. आकिब अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ पहुंचा। आरोपी उसे पीटने लगे, वह वहां से भागा तो आरोपियों ने घर में घुसकर उसे पीटा। पीड़िता फरजाना की तहरीर पर पुलिस ने मो. आकिब उर्फ मन्ना को नामजद करते हुए तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## भारत मां की स्वतंत्रता के लिए मंगल पांडेय ने फूंका था बिगुल : प्रदीप चित्रांशी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्वतंत्रता संग्राम के महानायक मंगल पांडेय के बलिदान दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में एस एन प्रेरणा ट्रस्ट के आयोजकत्व में अधिवक्ता साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर एकत्रित अधिवक्ताओं ने मंगल पांडेय के चित्र समक्ष पुष्प व माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप चित्रांशी ने कहा कि मंगल पांडेय एक सच्चे सपूत थे, जिन्होंने अंग्रेजी शासनकाल में सिपाही होते हुए भी भारत मां की स्वतंत्रता के लिए बिगुल फूंका था। उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में हमारे राष्ट्र में चंद हाथों में अर्थ बन्द है, आर्थिक समानता हेतु अर्थ को स्वतंत्र करना आवश्यक है, जिससे आमजन आर्थिक रूप से स्वतंत्र व राहत महसूस कर सकें। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ता चिंता मणि पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद मंगल पांडेय संपूर्ण राष्ट्र की शान हैं। उनकी स्मृतियों को अक्षुण्ण बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ संयोजक दिवाकर सिंह एडवोकेट ने मंगल पांडेय को श्रद्धां सुमन अर्पित करते हुए कहा कि समाज को ऐसे वीरों की जरूरत है, जो राष्ट्र की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर कर दें। इस मौके पर रुलर बार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने कहा कि मंगल पांडेय ने भारतीयों में स्वतंत्रता की भावना जगाई। उनका श्मारो फिरंगी कोश नारा भारतीयों को एकजुट करने में मददगार साबित हुआ।इस मौके पर अधिवक्ता राजकिशोर त्रिपाठी ने कहा कि हमें मंगल पांडेय के आदर्शों को अपनाकर देश को महान बनाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम ने अपनी रचना के माध्यम से जोश भरते हुए कहा कि भारत मां का अमर पुत्र,मंगल बलिया का लाल था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप चित्रांशी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी के अंत में कार्यक्रम के संयोजक अपना दल एस विधि प्रकोष्ठ के महासचिव परमानंद मिश्र एडवोकेट ने सभी आगंतुकों व अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में अशोक श्रीवास्तव, कृपा शंकर यादव, विक्रांत सिंह, प्रणव त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, रिचा सिंह, शक्ति सिंह, संतोष, प्रदीप पांडेय, संतोष रावत, अयोध्या प्रसाद, कुलदीप मिश्र सहित अन्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए मंगल पांडेय के प्रति श्रद्धां सुमन अर्पित किया।



# कौशाम्बी संदेश

# जिलाधिकारी ने भूमि विवादों के निस्तारण की स्थिति का स्थलीय सत्यापन किया

## पत्थरगढ़ी होने के बाद, पत्थर उखाड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश



**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डा.अमित पाल ने मौके पर समाधान,जनता को राहत अभियान के अन्तर्गत तहसील चायल के ग्राम-परसरा में आयोजित कैम्प में भूमि विवादों के निस्तारण की स्थिति का स्थलीय सत्यापन किया। उन्होंने भूमि विवाद से सम्बन्धित के मामलों में दोनो पक्षों को सुना एवं एसडीएम चायल को मौके पर जाकर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कैम्प में ग्रामवासियों ने बताया कि पत्थरगढ़ी होने के बाद भी पत्थर उखाड़ दिया जाता है, जिस पर जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि पत्थरगढ़ी होने के बाद,पत्थर उखाड़ने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाय,ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सकें।

## विवाद वाले 10-10 गाँव चिन्हित कर लगाए जाएंगे कैम्प

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ अमित पाल ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि मौके पर समाधान,जनता को राहत अभियान के तहत गांव में कैम्प लगाकर भूमि विवादों का निस्तारण गाँव स्तर पर ही किया जाए। प्रत्येक तहसील में अधिक विवाद वाले 10-10 गाँव चिन्हित कर कैम्प लगाए जाएंगे, जहाँ राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम त्वरित समाधान करेगी। अधिकारियों को मौके पर उपस्थित रहकर समाधान करने तथा शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।इसी क्रम में दिनांक 09 अप्रैल,2026 को तहसील मंझनपुर की ग्राम बरौला,तहसील सिराथू की ग्राम मो.पुर अनेठा एवं तहसील चायल की ग्राम मोहम्मदपुर असवा में कैंप लगाकर भूमि विवादों का निस्तारण किया जाएगा।

## सरकारी जमीन से मिट्टी खोदकर बेच रहे हैं जेबीसी संचालक

**कौशांबी।** मंझनपुर मुख्यालय के बगल में सिराथू तहसील और मंझनपुर तहसील क्षेत्र के तमाम गांव की सरकारी जमीनों से मनमानी तरीके से मिट्टी खनन का खेल जेसीबी संचालकों के संरक्षण में विशेष दो वर्षों से खुलेआम खेला जा रहा है दो वर्षों के दौरान करोड़ों की मिट्टी सरकारी जमीन से खोद कर जेसीबी संचालक मिट्टी को दजर्नों डंपर दजर्नों ट्रक और दजर्नों ट्रैक्टरों के सहारे बेचकर मालामाल हो रहे हैं और तहसील प्रशासन को कानों कान खबर नहीं है जनपद मुख्यालय मंझनपुर के 5 किलोमीटर के दायरे में मौजूद गांव रामपुर बसोहरा अम्बावा पश्चिम रामपुर सुहेला गांव के बीच की सैकड़ो बीघा सरकारी जमीन से जेबीसी संचालकों ने अवैध तरीके से मिट्टी खोदकर सड़क निर्माण में लगे ठेकेदारों को बेच दिया है जिससे सरकारी जमीन तालाब और गड्ढे बन गई है सरकारी जमीन की मिट्टी खनन के बाद मिट्टी को ठेकेदारों के पास पहुंचाने के लिए जेसीबी संचालकों ने कई डंपर ट्रक ट्रैक्टर भी लगाए हैं धूल उड़ाते दजर्नों डंपर ट्रक और ट्रैक्टरों को पूरे दिन मिट्टी की ढुलाई करते देखा जाता है मिट्टी ढुलाई में लगे वाहन पर्यावरण को भी चौपट कर मानव जीवन को खतरा उत्पन्न कर रहे हैं लेकिन पर्यावरण विभाग भी इनके धूल उड़ाने पर रोक नहीं लगा रहा है सब कुछ खुलेआम होने के बाद राजस्व विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों को सरकारी जमीन से बिना परमिशन के मिट्टी खुदाई और मिट्टी की ढुलाई दिखाई नहीं पड़ रही है कुछ किसानों के भी खेत की मिट्टी खुदाई का उनसे जेसीबी संचालकों ने सौदा कर लिया है और जब मामले की शिकायत अधिकारियों से होती है तो जेसीबी संचालक किसानों की जमीन से मिट्टी खुदाई की बात करते हैं और अधिकारी भी जेसीबी संचालकों की बातों का समर्थन कर देते हैं जबकि वास्तविकता यह है कि किसानों की जमीनों के साथ-साथ तमाम सरकारी जमीनों की भी मिट्टी खोद कर सरकारी जमीन को गड्ढा तालाब बना दिया गया है सरकारी जमीन से मिट्टी खोदने के बाद गड्ढा बन जाने से बारिश के दिनों में पानी भर जाएंगे जो किसानों के लिए जानलेवा साबित होंगे सरकारी जमीन से खुलेआम मिट्टी का खनन जेसीबी मशीनों से कराया जाता है और सरकारी जमीन की मिट्टी को खुलेआम बेचकर लाखों रुपए धन की वसूली की जा रही है लेकिन राजस्व प्रशासन सरकारी जमीन की मिट्टी खनन के मामले में गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहा है।

## न्याय के लिए दौड़ रहा है किसान : अदालत से स्थगन आदेश के बाद बलपूर्वक काटी जा रही है खेत में खड़ी फसल



**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के घासीपुर गांव के कपिल मुनि की जमीन का विवाद अदालत में चल रहा है राजस्व परिषद प्रयागराज की अदालत ने 30 मार्च 2026 को स्थगन आदेश पारित करते हुए अवर न्यायालय के 26 11 2025 के आदेश को स्थगित किया है लेकिन उसके बाद दूसरे पक्ष के लोग अदालत के स्थगन आदेश की अवहेलना करते हुए खेत में खड़ी फसल को बलपूर्वक काटने लगे है कपिल मुनि ने पुलिस अधीक्षक से लेकर थानेदार तहसीलदार और जिला अधिकारी की चौखट पर फरियाद की है फसल काटने से रोकने के लिए कपिल मुनि ने आईजीआरएस के माध्यम से भी फरियाद की है कपिल मुनि की फरियाद के बाद लेखपाल मौके पर गए और फसल काटने से रोकने के निर्देश दिया लेकिन लाखों कीमत की फसल को काटकर बलपूर्वक विपक्षी उठा ले जाना चाहते हैं और उन्होंने खेत में फसल काटना शुरु कर दिया है पीड़ित का कहना है कि थाना पुलिस राजस्व परिषद न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं कर रही है स्थगन आदेश के बावजूद बलपूर्वक फसल काटे जाने से तनाव की स्थिति व्याप्त है।

## ग्राम ऊनों में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवादों का ग्राम स्तर पर किया गया निस्तारण

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मौके पर समाधान, जनता को राहत अभियान के अन्तर्गत तहसील मंझनपुर की ग्राम ऊनों में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवादों का निस्तारण ग्राम स्तर पर ही किया गया। उप जिलाधिकारी, मंझनपुर एस.पी. वर्मा ने ग्राम ऊनों में भूमि विवाद से सम्बन्धित मामले में दोनो पक्षों को सुना। आवेदक राहुल प्रजापति ने ग्राम की आराजी संख्या-918 नवीन परती व आराजी संख्या-919 रास्ता के सम्बन्ध में शिकायत की थी। उप जिलाधिकारी की उपस्थिति में स्थलीय एवं अभिलेखीय जॉच किया गया, तो पाया गया कि आराजी संख्या-919 रकबा 0.114 हेक्टेयर भूमि रास्ता है, जिसमें 02 व्यक्तियों का अवैध अतिक्रमण पाया गया, जिनका प्रथक राजस्व संहिता की धारा 67 के अन्तर्गत रिपोर्ट किया जा रहा है एवं आराजी संख्या-918 रकबा 0.542 हेक्टेयर भूमि नवीन परती के नाम अंकित अधिकार अभिलेख है, किन्तु आकार पत्र 41-45 में आबादी के लिए सुरक्षित किया गया है एवं वतर्मान में इस आराजी में आबादी बनी है। आवेदक कार्यवाही से संतुष्ट है।आवेदक शिव मूरत पाण्डेय निवासी ग्राम ऊनो की आराजी संख्या-279 व 306 के सम्बन्ध में की गई शिकायत की जॉच उप जिलाधिकारी की उपस्थिति में किया गया। जॉच में पाया गया कि यह आराजी आवेदक द्वारा क्रय कर अर्जित किया गया है, किन्तु वर्तमान आराजी तालाब के खाते में दर्ज अधिकार अभिलेख है। आवेदक बिक्रेता पर कार्यवाही एवं अपना पैसा चाहता है। आवेदक को बताया गया कि इस प्रकरण में सम्बन्धित थाना में एफ.आई.आर. दर्ज करवायें,आवेदक कार्यवाही से संतुष्ट है।

# स्टेडियम में कोचिंग बाउंड्री वॉल निर्माण कराए जाने की मांग

**अखंड भारत संदेश**



**कोच की व्यवस्था न होने से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का नहीं मिल रहा मौका**

**कौशांबी।** विश्व हिंदू महासंघ भारत के जिला मंत्री प्रद्युम्न पाण्डेय ने जिला अधिकारी को पत्र लिखकर पूरब पश्चिम शरीरा के स्टेडियम में उचित सुविधाएं कोचिंग सेंटर और बाउंड्री वॉल निर्माण कराए जाने की मांग की है मंत्री प्रद्युम्न पाण्डेय का कहना है कि स्टेडियम में कोच की भी नियुक्ति कराई जाए बिना सुविधाओं के स्टेडियम अपने उद्देश्य को सफल नहीं कर पाएगा स्टेडियम में कुछ कमरे तो बन गए हैं मल्टीपरपज हाल के मरम्मत कराए जाने की मांग की गई है महानिदेशक युवा कल्याण ने 50 लाख रुपए का बजट 27 मई 2025 को स्वीकृत कर दिया है अप सिडको को कार्यवाही संस्था नामित किया गया है अधिकारियों ने बताया कि बजट आवंटन के साथ मरम्मत का कार्य आरंभ कर दिया जाएगा बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए सरकार से बजट की डिमांड विभाग के अधिकारियों ने की है वतर्मान समय में स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध नहीं है जिससे स्टेडियम अपने उद्देश्य में सफल होता नहीं दिख रहा है स्टेडियम में बाउंड्री वॉल का निर्माण नहीं कराया गया है जिससे वहां आवारा पशु घूमते हैं और खेल के मैदान को पशु ऊबड़ खाबड़ बर्बाद कर देते हैं जिससे स्टेडियम का खेल का मैदान ऊबड़ खाबड़ होने से खिलाड़ियों को खेल खेलने में दिक्कतें होती हैं स्टेडियम में खिलाड़ियों को खेल का मैदान नहीं मिल पाता है स्टेडियम में कोच की व्यवस्था न होने से क्षेत्र की युवाओं को खेलों के बारे में उचित मार्गदर्शन ज्ञान नहीं मिल पा रहा है उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलकूद में सुविधा मिलने के बाद ही उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिलेगा जिससे स्टेडियम में बाउंड्री वालों का निर्माण कराया जाए कोचिंग सेंटर खोला जाए और कोच की तैनाती की जाए स्टेडियम की तमाम समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने आईजीआरएस में भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है जिस पर जिलाधिकारी कार्यालय में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी को समस्या समाधान करने का निर्देश दिया है।

## जिलाधिकारी ने ग्राम अंबावा पश्चिम में गेहूं की क्रॉप कटिंग का किया निरीक्षण



**कौशांबी** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने बुधवार को तहसील मंझनपुर की ग्राम अंबावा पश्चिम में गेहूं की क्रॉप कटिंग कार्यों का निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने गेहूं की क्रॉप कटिंग कराकर उत्पादकता का आकलन कर सीसीई एग्री ऐप पर अपलोड कराया। उन्होंने उपस्थित किसानों से अपील किया कि वे अपना गेहूं सरकारी क्रय केंद्र पर ही विक्रय करे। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपए-2585 प्रति क्विंटल है।ग्राम निवासी छत्रपाल के खेत में 43.33 वर्ग मीटर क्षेत्र पर क्रॉप कटिंग कराया गया,जिसमे तौल कराने पर उत्पादन 15.530 किलोग्राम पाया गया,जो 35.875 कुन्तल हेक्टेयर उत्पादन होगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानो को फसल क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए क्रॉप कटिंग आंकड़ों का अत्यधिक महत्व होता है।इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेंद्र कुमार तिवारी,नायब तहसीलदार ओम प्रकाश एवं अपर सांख्यिकीय अधिकारी रवि कांत मिश्रा सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## सराय अकिल थाना का सीओ ने किया वार्षिक निरीक्षण




**कौशांबी** क्षेत्राधिकारी चायल अभिषेक सिंह द्वारा दिनांक 08. 04. 2026 को थाना सराय अकिल का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, बैरक, मेस एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया गया।निरीक्षण के दौरान अभिलेखों को अद्यतन रखने, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण,महिला संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता बरतने तथा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही थाना परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने एवं अभ्यागतों के साथ शिष्ट व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया।क्षेत्राधिकारी द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के प्रति सजग एवं अनुशासित रहने के साथ-साथ जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई

### फरियादियों की समस्याओं को सुना एवं समाधान हेतु दिए आवश्यक निर्देश



**कौशांबी।** पुलिस कार्यालय में दिनांक 08.04.2026 को पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा आम जनमानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्राथर्ना पत्र प्रस्तुत किए जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया।मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए।

# रेलवे लाइन के किनारे लगाए गए लाखों पौधे भ्रष्टाचार के चलते सूखे

**अखंड भारत संदेश**

**पौधारोपण के नाम पर बड़ा घोटाला उजागर निष्पक्ष जांच हुई तो वन विभाग के कई अफसरों पर लटकेगी तलवार!**

**कौशांबी।** बृहद पौधा रोपण के नाम पर रेलवे लाइन के किनारे लगाए गए पौधे में बड़ा भ्रष्टाचारी किए जाने से पौधे सूख गए हैं मामले की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय हुई जिस पर मामले को गंभीरता से लेकर पुलिस विभाग को जांच सौंप दी गई है यदि मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच हुई तो वन विभाग के कई अफसरों के गले में फंदा पड़ सकता है वन विभाग के भ्रष्टाचार में एक वर्ष से जांच के नाम पर विभागीय अधिकारी केवल लीपा पोती करने पर उतारू है वन विभाग में हरियाली के नाम पर कौशांबी जिले में बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। जहाँ रेलवे लाइन के किनारे दोनों तरफ किए गए पौधारोपण को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। जुलाई 2025 में हुए प्लांटेशन अभियान में नियमों की खुलेआम अनदेखी की गई। बिना थाला बनाए और बिना जिप्सम डाले ही पौधों को लगा दिया गया, जबकि कागजों में सभी कार्य पूरे दिखाए गए। जांच करने पर हाकित सामने आया कि रेलवे लाइन किनारे लगाए गए ज्यादातर पौधे सूखकर खत्म हो चुके हैं,जिससे पूरे अभियान की वास्तविकता उजागर हो रही है। शिकायतकर्ता श्रीराम ने इस मामले में 14 बिंदुओं पर विस्तृत शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन शिकायत की जांच के नाम पर केवल लीपापोती होती दिखाई पड़ रही है यह शिकायत मुख्य वन संरक्षक,डीएफओ और रेलवे विभाग तक पहुंचाई गई है।श्रीराम ने यह भी आरोप लगाया है कि उनकी शिकायत पर गलत रिपोर्ट लगाकर मामले को दबाने की कोशिश की गई। मामला तूल पकड़ने के बाद मुख्यमंत्री स्तर पर संज्ञान लिया गया,जिसके बाद कौशांबी के पुलिस अधीक्षक को जांच सौंपी गई है। क्षेत्राधिकारी ने शिकायतकर्ता का बयान दर्ज कर जांच का दायरा और बढ़ा दिया है। अब सबकी निगाहें इस जांच पर टिकी हैं कि आखिर हरियाली के नाम पर आए सरकारी धन का दुरुपयोग किसने किया। यदि आरोप सही पाए गए,तो यह मामला जिले में बड़ा भ्रष्टाचार साबित हो सकता है।

## ग्राम अफजलपुर वारी में चौपाल आयोजित, जमीनी विवादों का किया गया समाधान

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में दिनांक 08.04.2026 को उपजिलाधिकारी सिराथू व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा थाना मोहब्बतपुर पइंसा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अफजलपुर वारी में चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल के दौरान उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा विशेष रूप से जमीनी विवादों के त्वरित,निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।अधिकारियों द्वारा मौके पर ही कुछ विवादों का समाधान कराया गया एवं शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई तथा उनके सही उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया जिससे आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सके। इस दौरान नायब तहसीलदार सिराथू एवं थाना प्रभारी मोहब्बतपुर पइंसा सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिन दुकानों में नहीं रहता लाखों का सामान उन दुकानों से करोड़ों का सामान खरीद रही है ग्राम पंचायतें

**अखंड भारत संदेश**

**जिन व्यापारियों के बिल वाउचर पर ग्राम पंचायत के बैंक खाते से लाखों रुपए का भुगतान कराए जा रहे हैं उनकी अफसर ने नहीं की जांच, अफसरों ने यदि हकीकत की जांच की तो ग्राम प्रधान पंचायत सचिव के साथ-साथ फजीवाड़ा में शामिल दजर्नों व्यापारी भी जाएंगे जेल**

**कौशांबी।** ग्राम पंचायत में व्यापारियों की साठगांठ से बढ़ते भ्रष्टाचार के बाद एक बार फिर तमाम नए सवाल खड़े हो गए हैं कि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की साठगांठ से फजी बिल लगा करके बैंक खाते से विकास योजनाओं की रकम निकाली जा रही है पंजीकृत फर्म के आड़ में व्यापारियों की साठगांठ से ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार खुलेआम हो रहा है लेकिन अफसरों को दिखाई नहीं पड़ रहा है या फिर अफसर भ्रष्टाचार की रकम में हिस्सेदार हैं यह तो बड़ी जांच का विषय है जिले में जिन दुकानों में लाखों रुपए का सामान मौजूद नहीं है वह साल में करोड़ों रुपए के सामान की सप्लाई का बिल वाउचर ग्राम पंचायत को दे देते हैं और दुकानदारों के इस बिल वाउचर पर सरकारी खजाने से पंचायत सचिव ग्राम प्रधान मिलकर के खजाने से लाखों की रकम निकाल लेते है अब सवाल उठता है कि जिन व्यापारियों की दुकानों में लाखों रुपए के समान नहीं है वह करोड़ों रुपए के सामान कैसे ग्राम पंचायत को सप्लाई कर देते हैं लेकिन कभी अफसर ने उन व्यापारियों की जांच नहीं की जिन व्यापारियों के बिल वाउचर पर ग्राम पंचायत के बैंक खाते से लाखों रुपए का भुगतान कराए जा रहे हैं इसी तरह का एक ताजा मामला इन दिनों कड़ा विकासखंड क्षेत्र के गनपा ग्राम पंचायत से जुड़ा हुआ सामने आया है जहां बाला जी इंटर प्राइजेस एंड सप्लायर्स मोगरी कड़ा के बिल संख्या 351 बिल संख्या 354 बिल संख्या 361 बिल संख्या 365 बिल संख्या 368 बिल संख्या 370 के जरिए 25 मार्च 2026 को एक दिन में 10 लाख रुपए से अधिक का हैवेल्स स्टील लाइट सेंसर के साथ सप्लाई करने का 6 बिल जारी किया गया है जबकि इस दुकान में हैवेल्स स्ट्रीट लाइट का सामान मौजूद नहीं है आखिर दुकान में समान मौजूद नहीं है तो दुकान से 10 लाख रुपए के सामान की बिक्री कैसे हो गई ग्राम पंचायत से 10 लाख रुपए भुगतान कराए जाने के बाद गांव में एक भी हैवेल्स के स्ट्रीट लाइट सेंसर के साथ नहीं लगाई गई है जिससे ग्राम पंचायत का भी घोटाला इसके साथ जुड़ा हुआ है व्यापारी और ग्राम पंचायत ने मिलकर सरकारी खजाने से 10 लाख रुपए की रकम का गबन किया है जो बड़ी जांच का विषय है अधिकारियों ने जांच कराई तो जहां ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान की मुसीबत बढ़ेगी वहीं बालाजी इंटरप्राइजेज एंड सप्लायर दुकान के प्रोपराइटर और पार्टनर्स की भी मुसीबत बढ़ेगी भ्रष्टाचार कर सरकारी रकम हड़प कर जाने वाले पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान का सहयोग करने वाले व्यापारी की भी मुसीबत बढ़ेगी और पंचायत सचिव ग्राम प्रधान के साथ-साथ व्यापारी पर भी मुकदमा दर्ज होगा लेकिन क्या मामले को आला अधिकारी संज्ञान लेकर सरकारी रकम हड़प करने वाले ग्राम प्रधान पंचायत सचिव का समर्थन कर फजी बिल वाउचर जारी करने वाले इस दुकानदार की गिरफ्तारी कर इस पर मुकदमा दर्ज कर इसको जेल भेजा जाएगा या फिर सब कुछ फजीवाड़ा जिले में चलता रहेगा इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन मीटिंग में होने के चलते उनसे बात नहीं हो सकी है गनपा ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार के संबंध में बात करने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार सिंह से भी बात की गई तो उनका कहना है कि जांच कराई जाएगी सुशील कुमार त्रिपाठी ने मामले की शिकायत जिला अधिकारी से कर दोषियों को दंडित करने की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### कपड़ा प्रेस करते समय युवती को लगा विद्युत करंट का झटका, मौत



**बेनीराम कटरा कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह के मजरा कटरा गांव में एक युवती कपड़े में प्रेस कर रही थी प्रेस की तार कटी होने से युवती को विद्युत करंट का तेज झटका लगा जिससे युवती तड़पने लगी और कुछ देर बाद युवती की दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बरियावा अंतर्गत चौराडीह ग्राम सभा के मजरा कटरा निवासी निर्मला देवी उम्र लगभग 30 वर्ष पत्नी संदीप रविदास बुधवार की सुबह 7:00 बजे घर में कपड़ों प्रेस कर रही थी लेकिन प्रेस की विद्युत तार कटी थी जिससे विद्युत करंट का तेज झटका युवती को लगा और तड़पकर युवती जमीन पर गिर पड़ी कुछ देर बाद युवती की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही उसका 4 वर्ष का बेटा रोने बिलखने लगा रोने की आवाज सुनकर महिला का ससुर दिलीप कुमार भी घटनास्थल पर पहुंच गया है महिला की मौत की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर गांव के तमाम लोग पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई सूचना पाने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची है।

### उपजिलाधिकारी ने नामित सभासदों को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा में नामित सभासदों के शपथ ग्रहण का आयोजन नगर पंचायत गांधी नगर चबूतरे में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सिराथू के एसडीएम योगेश गौड़ ने नव-नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।शपथ लेने वालों में शिव प्रताप मौर्य, मिथलेश केसरवानी और देवेश कुमार शामिल रहे। एसडीएम ने सभी सभासदों को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए ईमानदारी, निष्पक्षता और जनहित में कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नगर के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान में सभासदों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शपथ ग्रहण के बाद सभासदों ने नगर के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया है।इस दौरान नगर पंचायतअध्यक्ष शांती देवी कुशवाहा,अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ,चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा व सभी सभासद गण,पूर्व नामित सभासद,नगर पंचायत के कमर्चारी ,नगर के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

### नामित सभासदों को एसडीएम ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ



**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में नामित सभासदों के शपथ ग्रहण का आयोजन नगर पालिका के अंबेडकर भवन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चायल अरुण कुमार ने नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।शपथ लेने वालों में प्रीति कौशल जितेंद्र कुमार मिश्रा प्रकाश चंद्र केसरवानी शिवम केसरवानी और रोहित कुमार विश्वकर्मा शामिल रहे। एसडीएम ने सभी सभासदों को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए ईमानदारी, निष्पक्षता और जनहित में कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नगर के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान में सभासदों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है शपथ ग्रहण के बाद सभासदों ने नगर के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया है।इस दौरान नगर पालिका परिषद भरवारी की अध्यक्ष कविता पासी अधिशासी अधिकारी राम सिंह व सभी सभासद गण,पूर्व नामित सभासद,नगर पालिका परिषद के कमर्चारी नगर के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

### बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के चक शहाबुद्दीनपुर गांव में किरन पाल की हत्या के मामले में सियासी सरगमी तेज हो गई है। बहुजन समाज पाटी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने बुधवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। चक शहाबुद्दीनपुर गांव में किरन पाल की हत्या के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। इसी कड़ी में बहुजन समाज पाटी का प्रतिनिधिमंडल गांव पहुंचा,जहां प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने परिजनों से मुलाकात की।मृतका की बहन ने बताया कि उसकी बहन गांव के बाहर भैंस चरा रही थी, तभी भैंस बब्बू यादव के खेत में चली गई। इसी बात को लेकर बब्बू यादव और उसके साथियों ने विवाद शुरू कर दिया,जो बाद में हिंसक हो गया और किरन पाल की हत्या कर दी गई। फिलहाल इस प्रकरण के बाद चरवा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। मौके पर मौजूद बसपा नेताओं में गया चरण दिनकर,सतीश जाटव,पंकज गौतम, शैलेन्द्र कुमार गौतम और रमेश गौतम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जन शिकायतों के निस्तारण में कौशाम्बी पुलिस का परचम

**जनपद का प्रदेश में प्रथम स्थान जनपद कौशाम्बी के 12 थाने भी रहे प्रदेश में अव्वल**



**कौशांबी।** जिले में आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के समुचित समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की समीक्षा शासन स्तर से की जाती है। प्रदर्शन के आधार पर मासिक रैंकिंग का निर्धारण किया जाता है। प्राप्त प्राथर्ना पत्रों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण/यथोचित कार्यवाही कराते हुए पोर्टल पर आख्या की फीडिंग की जाती है। एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) के अंतर्गत माह मार्च 2026 में जनपद कौशाम्बी पुलिस द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के फलस्वरूप सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि इस उपलब्धि के अंतर्गत जनपद के 12 थानों मंझनपुर,महिला थाना,करारी,पश्चिम शरीरा,महेवाघाट,सराय अकिल,चरवा,संदीपनघाट, कोखराज, सैनी,कड़ाधाम व मोहब्बतपुर पइंसा द्वारा भी क्ग्रुर में प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है,जो जनपद पुलिस के लिए अत्यंत गौरव का विषय है ।जनपद कौशाम्बी पुलिस द्वारा क्ग्रुर पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित संज्ञान,निष्पक्ष जांच,शिकायतकर्ता से संवाद एवं समयसीमा के पूर्ण अनुपालन के साथ प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की गई ।नागरिकों की समस्याओं के समाधान को सवोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदशिर्ता एवं संवेदनशीलता के साथ शिकायतों का निस्तारण किया गया,जिसके परिणामस्वरूप यह उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त हुई ।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी गईं तथा भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा के प्रति समर्पित रहते हुए शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## सम्पादकीय

# संकट के वक्त सत्र-सत्र का खेल

**केंद्र** सरकार ने 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाने का फैसला लिया है। संसदीय व्यवस्था यह है कि संसद का विशेष सत्र आमतौर पर तब बुलाया जाता है जब सरकार को किसी महत्वपूर्ण विधायी कार्य, राष्ट्रीय मुद्दे, या आपातकालीन स्थिति पर तत्काल चर्चा या निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। मोदी सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करवाने के लिए 2023 में ऐसा सत्र बुला चुकी है, इससे पहले 30 जून 2017 को जीएसटी लागू करने के लिए भी संसद का विशेष सत्र बुलाया गया था। लेकिन इस बार बजट सत्र के फौरन बाद ही तीन दिन का सत्र बुलाया जा रहा है। अब यह विशेष सत्र कहलाएगा या नहीं, इस पर सवाल है, क्योंकि 2 अप्रैल को बजट सत्र समाप्त होना था, लेकिन अब इसे महिला आरक्षण बिल से संबंधित विशेष कार्यों के लिए स्थगित कर दिया गया है। तो चाहें इसे विशेष सत्र कहें या बजट सत्र का ही हिस्सा मानें, कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। क्योंकि असली सवाल तो यह है कि इस तीन दिन के सत्र से देश क्या हासिल करने जा रहा है। और क्यों पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच में सरकार को इस सत्र की आवश्यकता पड़ी?

अभी 9 अप्रैल को असम, केरल और पुड्डुचेरी में मतदान हो जाएंगे, लेकिन तमिलनाडु में 23 अप्रैल और प.बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोट पड़ने वाले हैं। भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन चुके इन दो महत्वपूर्ण राज्यों में चुनावों से ठीक पहले संसद का यह सत्र बुलाने पर अब भाजपा की नीयत पर सवाल उठ रहे हैं। दोनों राज्यों में आचार संहिता लागू रहेगी, यानी कोई महत्वपूर्ण घोषणा, उद्घाटन, शिलान्यास जैसे कार्य फिलहाल सरकारें नहीं कर पाएंगी। तो क्या संसद के जरिए इन दोनों राज्यों की महिला मतदाताओं को साधने की कोई चालाकी की जा रही है। याद रहे कि बिहार में इसी तरह रोजगार सहायता के नाम पर 10-10 हजार रुपए महिलाओं के खाते में डाले गए थे, उस पर विपक्षी दल बेईमानी और आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाते रहे, लेकिन इसे रोकने की हिम्मत उन संवैधानिक संस्थाओं ने नहीं दिखाईं, जिन पर लोकतंत्र की रक्षा और निष्पक्ष चुनाव कराने की महती जिम्मेदारी है। देश की बढ़ती आबादी के मुताबिक निर्वाचन क्षेत्रों में बदलाव जरूरी है, और महिलाओं का प्रतिनिधित्व संसद और विधानसभा में बढ़ाना भी अत्यंत आवश्यक है। लेकिन इसके लिए यही वक्त क्यों चुना गया। 2023 से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हो चुका है और कोरोना काल बीते भी छह साल हो गए हैं। जनगणना 2021 में न सही, 2022 या 2023 तक तो कराई ही जा सकती थी। लेकिन सरकार इसे टालती रही और अब जाकर इसकी प्रक्रिया शुरू हुई है। 2027 तक जनगणना पूरी होगी, ऐसी उम्मीद है। उसके बाद भी सरकार के पास सत्ता के दो साल बचे ही रहेंगे। फिलहाल तो जिस तरह नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू या बाकी एनडीए सहयोगियों पर भाजपा का दबदबा बना हुआ है, उसमें मध्यावधि चुनाव की संभावना भी नहीं है। तो सरकार पहले जनगणना पूरी करवा लेती, फिर ताजा आंकड़ों के मुताबिक परिसीमन पर फैसला लेती और उस के बाद महिला आरक्षण को लागू करवाती।

# कमजोर मोदी को सहारा देते कांग्रेस के नेता

**शकील अख्तर**

**कांग्रेस** अपने ऐसे विश्वासघातियों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेती है। केवल कहती रहती है। इससे इस तरह के लोगों के हौसले बढ़ते रहते हैं। 2014 के बाद कितने ही नेता भाजपा में गए। मध्यप्रदेश में सरकार तोड़ी। कांग्रेस नरेटिव (धारणा) की लड़ाई का महत्व अभी भी नहीं समझ रही है। वह सत्य जितेगा के सिद्धांत पर डटी हुई है।


भारत की विदेश नीति जब पूरी तरह लड़खड़ा रही है तो उसे सहारा देने का काम भी कांग्रेस के नेता कर रहे हैं। पांच राज्यों में चुनाव का समय, एलपीजी की भंयकर कमी, लाक डाउन की तरह ही मजदूर, खाने-पीने का काम करने वाले छोटे दूकानदार, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे स्टूडेंटों का शहर छोड़ कर जाना, खाड़ी देशों सहित ईरान में फंसे भारतीय और मोदी सरकार की लंबी चुप्पी से पैदा घबराहट और अनिश्चितता जैसे बड़े सवालों पर बोलने के बजाय कांग्रेस के कुछ नेता अपनी ही पार्टी के खिलाफ बोलकर इस मौके का फायदा उठाने में लग गए हैं।

मोदी की विदेश नीति जो पूरी तरह अमेरिका और ईरान के प्रति झुकी हुई है और जिस की वजह से ईरान गैस और तेल लिए भारत के एक-एक जहाज को इस मैसेज के साथ हार्मुज स्ट्रेट जलडमरूमध्य से निकलने दे रहा है कि भारत की जनता हमारे साथ है। भारत हमारा दो हजार साल पुराना दोस्त है। अहसान तो वह नहीं जता रहा मगर उलाहना तो है!

और ऐसे समय में कांग्रेस के पांच नेता भारतीय जनता की एलपीजी समस्याओं और अपनी पार्टी की ईरान की जनता के साथ एकजुटता को नजरअंदाज करके कह रहे हैं कि मोदी की विदेश नीति सही है। कौन सी नीति वह जिसकी वजह से भारत में एलपीजी और तेल की समस्या हो रही है? जिस व्यक्ति आधारित विदेश नीति की वजह से भारत दुनिया में अलग-थलग पड़ गया है। अभी आपरेशन सिंदूर के समय एक देश भी भारत के समर्थन में नहीं आया था। वह अमेरिका भी नहीं जिसके दबाव में प्रधानमंत्री मोदी आजकल सारे फैसले ले रहे हैं। जिस अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय सेना की निर्णायक हो रही जीत के समय सीज फायर करवा दिया। जैसे ईरान पर हमला किया वैसे ही गुंडागर्दी की भाषा बोलते हुए कि स्टाप इट!

भारत की जनता को बता रहे हैं तुम्हारा प्रधानमंत्री मुझे सर सर करके बोलता है। मैं उसका पोलिटिकल कैरियर तबाह कर सकता हूं। मगर वह मुझे प्यार करता है इसलिए करूंगा नहीं।

आश्चर्य की बात है कि ऐसे समय में जब भारत और भारत की जनता दोनों का अपमान लगातार ट्रंप कर रहा है और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं तो कांग्रेस के नेता मोदी और ट्रंप को बचाने के लिए राहुल और कांग्रेस पर ही सवाल उठा रहे हैं।



कौन हैं यह नेता। वे जो यूपीए के समय में मंत्री रहे। सत्ता सुख भोगा। और अब जब पार्टी को साथ खड़े होकर लड़ने वालों की जरूरत है तो यह पार्टी की पीठ में छूरा घोंपकर भागने की तैयारी में है। कमलनाथ तो भाग ही गए थे। मगर मोदी ने वापस भगा दिया। इन्हीं को मुख्यमंत्री बनाने के चक्कर में कांग्रेस ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को गंवाया था। केन्द्र में मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक क्या-क्या नहीं दिया।

आनंद शर्मा जिन्हें दस साल यूपीए सरकार में मंत्री बनाकर रखा उसके बाद राज्यसभा में पार्टी का उपनेता और अभी 2024 में हिमाचल से टिकट दिया वे। शशि थरुर ये न केवल मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री रहे बल्कि उस समय कांग्रेस की नीति- आम नागरिक की तरह हवाई जहाज की सामान्य श्रेणी में चलो के खिलाफ यह कहने वाले कि मैं कैटल क्लास ( जानवरों की श्रेणी) में यात्रा नहीं कर सकता के बावजूद माफ कर दिए जाने वाले और 2024 में फिर लोकसभा में सांसद बनाए जाने वाले।

मणिशंकर अय्यर राजीव गांधी द्वारा अपने सहयोगियों की निकटतम टीम में शामिल किए जाने वाले, यूपीए में मंत्री बनाए जाने वाले, मोदी के खिलाफ उस लेवल की टिप्पणी करने वाले जैसी खुद मोदी करते हैं और कांग्रेस सख्त नापसंद करती है। याद रहे कि अय्यर की टिप्पणी के बाद पार्टी ने उन्हें सस्पेंड कर दिया था।

और अश्विनी कुमार जिनका किसी तरह का कोई आधार नहीं था वे मंत्री भी बने और पंजाब का होने का फायदा उठाकर मनमोहन सिंह के नजदीक भी पहुंचे वे। यह सब ऐसे समय में मोदी के समर्थन में आए हैं जब उनकी पार्टी और संघ में भी एपस्टीन फाइल, मधु किश्वर और सुब्रमण्यम स्वामी के आरोपों और अमेरिका से डील को लेकर बैचेनी है।

कांग्रेस अपने ऐसे विश्वासघातियों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेती है। केवल कहती रहती है। इससे इस तरह के लोगों के हौसले बढ़ते रहते हैं। 2014 के बाद कितने ही नेता भाजपा में गए। मध्यप्रदेश में सरकार तोड़ी।

कांग्रेस नरेटिव (धारणा) की लड़ाई का महत्व अभी भी नहीं समझ रही है। वह सत्य जितेगा के सिद्धांत पर डटी हुई है। मगर इस व्यवहारिकता को नहीं समझ रही कि जब तक सत्य जितेगा तो वह हाल हो चुका होगा कि सत्य की जीत को सेलिब्रेट करने वाला भी कोई बचेगा या नहीं!

जब भी मोदी को जरूरत होती है कांग्रेस के ऐसे जयचंद उनके समर्थन में खड़े हो जाते हैं। मैसेज यह जाता है कि मोदी की लोकप्रियता कम नहीं हुई है। जबकि आज की तारीख में प्रधानमंत्री मोदी सबसे कमजोर विकेट पर हैं। घरेलू और बाहरी दोनों मोर्चों पर उनकी कमजोरियां सामने आ गई हैं। विश्वगुरु बन रहे थे मगर ईरान पर हमले के खिलाफ एक शब्द नहीं बोल सके।

विदेश नीति जिसकी तारीफ कांग्रेस के ये नेता कर रहे हैं इतनी भ्रमित हो चुकी है कि किसी भी देश को यह नहीं लग रहा कि भारत उसके साथ खड़ा है या उसका कोई स्टैंड है। यह तटस्थता या निष्पक्षता नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी के अपने व्यक्तिगत कारणों से जिसे राहुल कहते हैं आने वाले एपस्टीन फाइलों के खुलासों से भय की किंकर्तव्यविमूढ़ता है। क्या करूं क्या न करूं का भयाकुल भाव है। जिसका सबसे बड़ा नुकसान यह हुआ कि जिस पाकिस्तान को मनमोहन सिंह सरकार ने दुनिया में अलग-थलग कर दिया था वह अपनी पैदाइश के बाद पहली बार अन्तरराष्ट्रीय रूप से एक भूमिका में दिखने लगा है।

उसने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या की निंदा की। स्कूली बच्चियों को मारने की निंदा की। और दूसरी तरफ अपने यहां कई देशों के कूटनीतिज्ञों को जोड़कर युद्ध खतम करने के लिए समझौता वार्ता का माहौल भी बनाता रहा। अमेरिका से भी संबंध मजबूत रखे। और भारत के लिए उसी की तरह शत्रुतापूर्ण रवैया रखने वाले चीन से उसके संबंध मजबूत है हीं।

मोदी की भारी कूटनीतिक असफलता। पाकिस्तान का प्रभाव बढ़ना। अमेरिका हर मौके पर साफ कर चुका है कि उसका साफ्ट कार्नर पाकिस्तान के साथ है। 1971 से लेकर जब पाकिस्तान के साथ युद्ध में वह सीधी अपनी नौसेना ( सातंवा बेड़ा) उस की मदद के लिए पहुंचा रहा था से लेकर अभी आपरेशन सिंदूर तक।

पाकिस्तान के आर्मी चीफ मुनीर को राष्ट्रपति ट्रंप व्हाइट हाउस बुलाकर लंच खिला रहे थे। काहे के लिए? पहलगाम में निरीह नागरिकों पर आतंकवादी हमले के लिए? हालांकि ट्रंप का किया उसके सामने फौरन आ गया। भारत को बार-बार बता रहे थे कि आपरेशन सिंदूर में इतने जहाज गिरे और अब उनके फाइटर जेट गिरने की गिनती सामने आने लगी है। अमेरिकी फौज में और वहां की जनता में ट्रंप के अकारण ईरान पर हमले पर सवाल खड़े होना शुरू हो गए हैं।

दबाव इतना है कि जब हम यह लिख रहे हैं तब अमेरिका में उनके स्वास्थ्य को लेकर कई तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। पिछले चौबीस घंटे से उनके सारे सार्वजनिक प्रोग्राम कैंसिल बताए जा रहे हैं। दो महीने बाद वे 80 के होने वाले हैं। यह उम्र थी दुनिया में शांति के लिए काम करने की। मगर वे दुनिया में युद्ध की आग भड़का रहे हैं। असर सब तरफ है। भारत पर बहुत ज्यादा। राहुल इस सवाल को उठा रहे हैं। उनकी बात को कमजोर करने के लिए भाजपा तो कामयाब हो नहीं रही है मगर कांग्रेस के अंदर से लोग खड़े हो गए हैं कि राहुल गलत हैं।

अगर कांग्रेस गलत है तो छोड़ दो। मगर मालूम है कि वहां कुछ मिलेगा नहीं। क्योंकि अनुपयोगी लोग हैं। सब कोशिश कर चुके हैं। कमलनाथ, शशि थरूर, आनंद शर्मा। अश्विनी तो किसी गिनती में ही नहीं हैं। ऐसे बेकार के लोगों को कांग्रेस ही महत्व देती रही है। अब भी उनसे कोई कहने वाला नहीं है कि बाहर जाने का रास्ता इधर से है!


## भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया



**सुल्तानपुर। लंभुआ** विधानसभा क्षेत्र के बरुआ दक्षिण गांव में भारतीय जनता पार्टी के ह्यगांव चलो अभियानह्ल के तहत व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया।इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने घर-घर पहुंचकर केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी और योजनाओं से जुड़े पत्रक वितरित किए।अभियान में ब्लॉक प्रमुख डॉ. कुंवर बहादुर सिंह ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने महिलाओं एवं विशिष्ट जनों को सम्मानित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही लक्ष्य है।इस अवसर पर स्थानीय भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

प्रमुख रूप से जगदीश चौरसिया, अभिनव सिंह, राम प्रदोष चौरसिया सहित अन्य कार्यकताओं ने अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## इंद्रेश तिवारी बने समीक्षा अधिकारी, बढ़ाया क्षेत्र, जनपद मान!



**सुल्तानपुर-जनपद** के अखंडनगर क्षेत्र के ग्राम अहिरी फिरोजपुर निवासी इंद्रेश तिवारी ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर सचिवालय में समीक्षा अधिकारी पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है और युवाओं को नई प्रेरणा मिली है। इंद्रेश तिवारी किसान परिवार से हैं। उनके पिता कपिल मुनि तिवारी खेती-किसानी करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने शिक्षा को महत्व दिया, जिसके चलते इंद्रेश ने कठिन परिस्थितियों में भी पढ़ाई जारी रखी और लक्ष्य हासिल किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के त्याग,गुरुजनों के मार्गदर्शन और मित्रों के सहयोग को दिया। विशेष रूप से बड़े भाई कृष्ण कांत मिश्रा (ईओ),भाई अनूप तिवारी व हनुमान भैया के मार्गदर्शन को उन्होंने अहम बताया। मित्रों अमित,अनुराग, दीपांकर,अंकित, नवनीत और पवन का भी उन्हें पूरा सहयोग मिला।

## इसौली विधायक ने मृतक के परिजनों को प्रदान की आर्थिक सहायता



**सुल्तानपुर -विकासखंड** दुबेपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पलिया के पूरे दत्ता में विगत कुछ दिनों पहले मृतक पूर्व प्रधान राम केवल यादव की गंभीर बीमारी से मृत्यु हो गई थी जानकारी मिलने पर इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान शोक संतृप्त परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे और परिजनों को ढाढस बंधाते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया था। उसी क्रम में विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव द्वारा पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर आर्थिक मदद ?11000 की प्रदान की गई। इसी तरह पूर्व में देवलपुर द्वितीय में स्वर्गीय सचिन के परिवार को छोटी सी आर्थिक मदद ?11000,जुड्डूपुर में मरहूम अरबाज के परिवार को रुपया 25000 व ग्राम पंचायत नोनारा में सूरज कश्यप के परिवार को 10000 रुपए की मदद की गई।

## भदोही में शस्त्र दुकान का औचक निरीक्षण, रिकॉर्ड और सुरक्षा व्यवस्था की जांच

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। जनपद** में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त रूप से शस्त्र दुकान का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उपजिलाधिकारी भदोही तथा क्षेत्राधिकारी भदोही ने कस्बा स्थित ह्यकमला गन हाउसह्ल की जांच की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकान के स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर और लाइसेंस नवीनीकरण से जुड़े अभिलेखों का गहनता से मिलान किया। साथ ही दुकान में उपलब्ध शस्त्रों और कारतूसों की भौतिक गणना कर यह सुनिश्चित किया गया कि वास्तविक स्टॉक सरकारी रिकॉर्ड के अनुरूप है।



अधिकारियों ने सुरक्षा मानकों का भी बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन उपकरणों की स्थिति और शस्त्रों के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था को परखा गया। निरीक्षण के बाद दुकान संचालक को कड़े निर्देश दिए गए कि शस्त्र और कारतूस की बिक्री केवल वैध लाइसेंस और पहचान पत्र के आधार पर ही की जाए। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने के लिए कहा गया।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनपद में शस्त्र दुकानों की नियमित जांच आगे भी जारी रहेगी, ताकि सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जा सके।

# कोरियन ड्रामा से भारतीय सीरियल तक : मनोरंजन की दिशा पर पुनर्विचार

**-: ललित गर्ग :-**

**विश्व** के मनोरंजन जगत में पिछले कुछ वर्षों में यदि किसी देश ने टेलीविजन और वेब सीरीज के माध्यम से पूरी दुनिया को सबसे अधिक प्रभावित किया है तो वह दक्षिण कोरिया है। कोरियन ड्रामा आज केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक प्रभाव, सामाजिक शिक्षा, भावनात्मक परिपक्वता और जीवन मूल्यों के प्रस्तुतीकरण का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। भारत सहित दुनिया के करोड़ों लोग कोरियन ड्रामा देख रहे हैं और उनसे प्रभावित हो रहे हैं। यह केवल तकनीक या अभिनय का प्रभाव नहीं है, बल्कि उनकी कहानियों की संवेदनशीलता, जीवन की वास्तविकता और मानवीय रिश्तों की गहराई का प्रभाव है। कोरियन ड्रामा का सबसे बड़ा गुण यह है कि वे जीवन की वास्तविक समस्याओं को बहुत संवेदनशील और मानवीय तरीके से प्रस्तुत करते हैं। उनमें परिवार है, प्रेम है, संघर्ष है, बीमारी है, मानसिक तनाव है, करियर की समस्याएं हैं, सामाजिक दबाव है, लेकिन इन सबके साथ समाधान भी है, आशा भी है, सकारात्मकता भी है। वे केवल समस्या नहीं दिखाते, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। उनके पात्र अतिनाटकीय या अवास्तविक नहीं होते, बल्कि आम आदमी जैसे होते हैं, जिनकी समस्याएं भी वास्तविक होती हैं और संघर्ष भी वास्तविक होता है। कोरियन ड्रामा की एक विशेषता यह भी है कि वे सीमित एपिसोड में एक पूर्ण कहानी प्रस्तुत करते हैं। उनमें अनावश्यक विस्तार, अंतहीन षड्यंत्र और कृत्रिम मोड़ नहीं होते। कहानी का एक उद्देश्य होता है और वह उद्देश्य पूरा होते ही कहानी समाप्त हो जाती है। इस कारण उनमें कसाव, गुणवत्ता और प्रभाव बना रहता है। वे दर्शकों के समय और संवेदना दोनों का सम्मान करते हैं।



यदि हम भारतीय टीवी सीरियल्स की ओर देखें, तो स्थिति इसके विपरीत दिखाई देती है। अधिकांश धारावाहिक सास-बहू के अंतहीन संघर्ष, पारिवारिक षड्यंत्र, पुनर्जन्म, चमत्कार, बदला, ईर्ष्या और दिखावे के जीवन के इर्द-गिर्द घूमते रहते हैं। एक ही कहानी वर्षों तक चलती रहती है और उसमें वास्तविक जीवन से कोई संबंध नहीं रह जाता। परिवार, जो प्रेम, सहयोग और संवाद का केंद्र होना चाहिए, उसे षड्यंत्र और राजनीति का केंद्र बना दिया जाता है। इससे समाज में नकारात्मक मानसिकता का निर्माण होता है। भारतीय फिल्मों की स्थिति भी बहुत अलग नहीं है। अधिकांश फिल्में मारधाड़, हीरोगिरी, बदला, अपराध या अवास्तविक प्रेम कहानियों पर आधारित होती हैं। उनमें वास्तविक जीवन की समस्याओं और उनके समाधान पर बहुत कम काम होता है। जबकि आज समाज जिन समस्याओं से जूझ रहा है, वे अलग हैं-मानसिक तनाव, अवसाद, अकेलापन, पारिवारिक विघटन, पीढ़ियों के बीच संवाद की कमी, बेरोजगारी, करियर का दबाव, स्वास्थ्य समस्याएं, नशा, पर्यावरण संकट आदि। इन विषयों पर आधारित मनोरंजन बहुत कम देखने को मिलता है।

कोरियन ड्रामा की लोकप्रियता का एक कारण यह भी है कि वे दर्शकों को भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाते हैं। उन्हें देखकर व्यक्ति केवल मनोरंजन नहीं करता, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ता है, जीवन को समझता है, रिश्तों की अहमियत को समझता है, धैर्य और संघर्ष की प्रेरणा पाता है। कई कोरियन ड्रामा मानसिक स्वास्थ्य, अवसाद, ऑटिज्म, अस्पताल जीवन, वकीलों के संघर्ष, शिक्षकों के जीवन, छोटे उद्यमियों के संघर्ष जैसे विषयों पर बने हैं। वे दर्शकों को संवेदनशील बनाते हैं, आक्रामक नहीं। भारत में भी कुछ अच्छे धारावाहिक बने हैं, जैसे ह्लहम लोगह्ल, ह्लबुनियादह्ल, ह्लसंजीवनीह्ल, ह्लबालिका वधूह्ल, ह्लउड़ानह्ल, ह्लतारक मेहता का उल्टा चश्माह्ल आदि, जिन्होंने समाज को कुछ सकारात्मक संदेश दिए। लेकिन ऐसे धारावाहिकों की संख्या बहुत कम है। आज जरूरत ऐसे धारावाहिकों और फिल्मों की है जो समाज को मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएं, जीवन जीने की कला सिखाएं, तनाव से मुक्ति का मार्ग दिखाएं, परिवार को जोड़ने का संदेश दें और सकारात्मक सोच का निर्माण करें।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मनोरंजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं होना चाहिए, बल्कि मन का निर्माण होना चाहिए। यदि फिल्म या धारावाहिक देखकर व्यक्ति अधिक आक्रामक, असंतुष्ट, तनावग्रस्त या अवास्तविक जीवन की कल्पनाओं में खो जाए, तो वह मनोरंजन नहीं, मानसिक प्रदूषण है। लेकिन यदि कोई फिल्म या धारावाहिक व्यक्ति को प्रेरित करे, जीवन में आशा जगाए, समस्याओं से लड़ने की शक्ति दे, रिश्तों को समझने की दृष्टि दे, तो वह वास्तविक मनोरंजन है। आज समाज में मानसिक बीमारियां, अवसाद, अकेलापन और तनाव तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में मनोरंजन उद्योग की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है।

उन्हें ऐसे धारावाहिक और फिल्में बनानी चाहिए जो मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को स्वस्थ बनने की प्रेरणा दें, सकारात्मक सोच का निर्माण करें, योग, ध्यान, संवाद, परिवार, मित्रता और जीवन के उद्देश्य के महत्व को दिखाएं। यदि इस दिशा में काम किया जाए, तो मनोरंजन उद्योग समाज के लिए वरदान बन सकता है।

# भदोही में विकसित भारत रोजगार योजना को रफ्तार, डीएम ने EPFO पंजीकरण और ECR फाइलिंग पर दिया जोर

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। जनपद** में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए ह्यप्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजनाह्ल को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने संबंधित विभागों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सभी नियोक्ता अनिवार्य रूप से एढव्रझ्ह में पंजीकरण कराएं और समय से एउफफाइलिंग सुनिश्चित करें, ताकि योजना का लाभ पात्रों तक पहुंच सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि योजना का संचालन पूरी तरह ऑनलाइन एढव्रझ्ह पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा और लाभार्थियों को उइळ के जरिए सीधे बैंक खातों में धनराशि हस्तांतरित की जाएगी। इसमें कर्मचारी और नियोक्ता दोनों को लाभ मिलेगा।

उन्होंने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि एढव्रझ्ह द्वारा उपलब्ध कराई गई 213 नियोक्ताओं की सूची के आधार पर उनसे नियमित संपर्क किया जाए और उन्हें योजना के तहत पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही पोर्टल पर पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई जाए और जरूरत पड़ने पर प्रशिक्षण भी दिया जाए।

आंकड़ों के अनुसार, जनपद के विभिन्न क्षेत्रों—टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग, कंस्ट्रक्शन, शिक्षा और अन्य सेक्टर—में एक अगस्त 2025 के बाद बड़ी संख्या में कर्मचारियों की नियुक्ति हुई है, लेकिन पोर्टल पर पंजीकरण न होने से नियोक्ता और कर्मचारी योजना के लाभ से वंचित हैं।

जिलाधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देश दिया कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर इन सभी नियोक्ताओं का पंजीकरण जल्द से जल्द सुनिश्चित कराया जाए। खासकर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के कालीन उद्योग में रोजगार सृजन करने वाले संस्थानों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

उन्होंने कहा कि यह योजना भदोही में रोजगार बढ़ाने और युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। सभी विभागों को मिशन मोड में काम करते हुए अधिक से अधिक नियोक्ताओं और कर्मचारियों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए ।

# चित्रकूट में सड़कों पर उतरा 1298 लाख रुपए का प्लान- डीएम ने किया निरीक्षण

**धनुष चौराहे से पटेल तिराहे तक चौड़ीकरण**

अखंड भारत संदेश



सडक चौडीकरण का निरीक्षण करते डीएम

**चित्रकूट।** चित्रकूट में शहरी यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने और शहर के सौंदर्य में वृद्धि के उद्देश्य से जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने धनुष चौराहे से पटेल तिराहे तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण एवं फुटपाथ निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। यह परियोजना चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसके लिए शासन द्वारा 1298 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य सड़क के चौड़ीकरण, सर्विस रोड निर्माण तथा पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ निर्माण से संबंधित प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्था एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं, जैसे विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मरों के स्थानांतरण के संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा, ताकि कार्य में विलंब न हो। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि परियोजना में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा और नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाएगा। इस दौरान परियोजना से जुड़े अभियंता एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 100 दिवसीय टीबी अभियान के तहत जागरूकता और वितरण कार्यक्रम आयोजित

**चित्रकूट।** जनपद में क्षय रोग उन्मूलन के प्रयासों के अंतर्गत दिनांक 08 अप्रैल को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा टीबी यूनिट मानिकपुर में उपचाररत 11 क्षय रोगियों को पोषण किट वितरित की गई। इस दौरान उन्होंने मरीजों को नियमित रूप से दवा लेने एवं उपचार जारी रखने के लिए प्रेरित किया। किट में दाल, भुना चना, मूंगफली, सोयाबीन बड़ी एवं गुड़ जैसी पोषक सामग्री शामिल है, जो रोगियों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपद, तहसील एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों से निक्षय मित्र बनकर इस अभियान में सहयोग करने की अपील की। साथ ही विश्व टीबी दिवस 24 मार्च से संचालित 100 दिवसीय अभियान की समीक्षा भी की गई, जिसमें डॉ पवन पालीवाल, डॉ अरुण कुमार पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बम्बुरी गांव में शॉर्ट सर्किट से आग, दो बीघा गेहूं की फसल नष्ट



घटना की जानकारी देता किसान पीर मोहम्मद

**मऊ (चित्रकूट)।** क्षेत्र के ग्राम बम्बुरी में मंगलवार की सांझ उस वक्त चीखती लपटों में बदल गई, जब बिजली के तारों से निकली एक चिंगारी ने किसानों की उम्मीदों को राख में तब्दील कर दिया। शॉर्ट सर्किट से भड़की आग ने पलक झपकते ही विकराल रूप धारण कर लिया और पीर मोहम्मद पुत्र उमराव सहित कई किसानों की करीब 2 बीघा गेहूं की खड़ी फसल को निगल गई। खेत, जो कल तक हरियाली की चादर ओढ़े थे, आज राख के सन्नाटे में तब्दील नजर आए। ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर आग से जंग लड़ी, तब कहीं जाकर हालात काबू में आए। फायर ब्रिगेड और अचानक हुई बारिश ने भी राहत पहुंचाई, वरना नुकसान और भयावह होता। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने जांच कर मुआवजे का भरोसा दिया, लेकिन सवाल वही- क्या यह भरोसा किसानों के जले सपनों को फिर से हरा कर पाएगा?

## हरदीकलां से अपहरण व पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार, मामले में धाराएं बढ़ीं

**चित्रकूट।** जिले के बरगढ़ थाना क्षेत्र में एक बार फिर इंसानियत शर्मसार हुई, जब मासूमियत को दरिंदगी ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। लेकिन इस बार कानून ने भी तेजी दिखाई। अभियान के तहत बरगढ़ पुलिस ने उस दरिंदे को आखिरकार दबोच ही लिया, जो एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। 4 फरवरी 2026 को दर्ज इस सनसनीखेज मामले में आरोपी राकेश कुमार चौहान उर्फ संतोष पर पहले ही अपहरण का मुकदमा दर्ज था, लेकिन जांच के दौरान पीड़िता के बयान और उम्र के आधार पर मामला और गंभीर हो गया। 7 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर हरदीकलां गौशाला के पास से गिरफ्तारी ने पुलिस की सक्रियता को साबित किया। अब आरोपी पर न केवल अपहरण, बल्कि पॉक्सो एक्ट के तहत कड़ी धाराएं लग चुकी हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी हरदीकलॉ राधेश्याम सिंह व सिपाही राममोहन मौजूद रहे।

# पुलघाट की सफाई के लिए बुंदेली सेना का अभियान, 25 बोरी बालू से हटाई काई

- नदी नहीं, कुंड में विसर्जन का संदेश
- राजाघाट में विसर्जन कुंड निर्माण की मांग



पयस्वनी घाट पर बालू डालते बुंदेली सेना

**चित्रकूट।** जिले के पुलघाट पर वर्षों से जमी काई और गंदगी के खिलाफ अब समाज खुद मोर्चा संभालता दिख रहा है। बुंदेली सेना ने घाट की खतरनाक फिसलन को खत्म करने के लिए अनोखा अभियान छेड़ते हुए 25 बोरी क्रसर बालू सीढ़ियों पर डलवाई और जोरदार घिसाई कर घाट को काई रहित बनाने की पहल की। यह वही पुलघाट है, जहां रोजाना भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन काई के कारण हर कदम जोखिम भरा हो जाता था। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह के नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित और जागरूक बनाना भी है। सेना ने साफ शब्दों में अपील की है कि पूजन सामग्री सीधे नदी में न बहाकर किनारे बने हवन-विसर्जन कुंड में ही डाली जाए, क्योंकि अंधाधुंध विसर्जन ने एक घाट को सड़ांध का अड्डा बना दिया है। बुधवार से उस घाट की सफाई भी शुरू कर दी गई है और तीनों घाटों को स्वच्छ बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। साथ ही राजाघाट में भी विसर्जन कुंड निर्माण की मांग उठाई गई है। संदेश साफ है- नदी किसी सरकार की नहीं, समाज की जिम्मेदारी है, और अब समाज ही इसके संरक्षण के लिए जाग उठा है।

### चित्रकूट में 9 अप्रैल को समीक्षा बैठक, अकबरपुर में होगा निरीक्षण

**चित्रकूट।** जनपद में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने बताया कि 9 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभागार में आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक होगी। इसके बाद ग्राम पंचायत अकबरपुर में चौपाल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी जाएगी।

### जनवरी 2026 से अब तक 8511 नए आयुष्मान कार्ड जारी

**चित्रकूट।** जिले में जनवरी 2026 से अब तक 8511 नए आयुष्मान कार्ड बनते ही आंकड़ा 3.15.882 तक पहुंच गया है, जो कुल लक्ष्य का 59.39 प्रतिशत है। बावजूद इसके जनपद की रैंकिंग अभी 27वें पायदान पर अटकी है, जो सिस्टम की धीमी चाल पर सवाल खड़े करती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनता से अपील की है कि ग्राम.वार शिविरों में पहुंचकर आधार व राशन कार्ड के साथ पात्रता जांच कराएं। 70 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए सिर्फ आधार ही पर्याप्त हैकृऔर 5 लाख तक मुफ्त इलाज का दरवाजा खुला है।

# फ्लाइओवर के नीचे सिसकते कारोबार को मिली राहत, अब सीढ़ियां बनेंगी सहारा

- फ्लाइओवर के नीचे सीढ़ियों का निर्माण प्रस्तावित
- व्यापारियों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

अखंड भारत संदेश



समाजवादी अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मानसिंह पटेल

**चित्रकूट।** चकरेही चौराहा से ट्रैफिक चौराहा तक बना फ्लाइओवर जहां शहर को जाम से राहत दिलाने वाला विकास का प्रतीक बना, वहीं उसके नीचे सिमटती जिंदगी ने हजारों छोटे व्यापारियों के सपनों को जैसे कुचल दिया था। ग्राहकों की आवाजाही थमने से रोजी-रोटी पर संकट गहराया, और हालात भुखमरी तक पहुंच गए। ऊपर से रेलवे द्वारा दोनों ओर कंक्रीट की दीवार खड़ी कर देने से यह दर्द और भी गहरा हो गया। व्यापारियों का आक्रोश सड़कों पर उतरा, ज्ञापन दिए गए, आवाज उठी- पर समाधान दूर था। इसी बीच समाजवादी अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मानसिंह पटेल ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया और व्यापारियों के हक में खड़े हुए। उनके अथक प्रयासों और बांदा-चित्रकूट की सांसद श्रीमती कृष्णा देवी पटेल की पहल से अब रेलवे लाइन के दोनों ओर सीढ़ियों का निर्माण सुनिश्चित हुआ है। यह खबर जैसे ही फैली, ओवरब्रिज के नीचे सन्नाटा झेल रहे बाजार में खुशियों की हलचल लौट आई। व्यापारियों ने इसे अपनी जिंदगी में नई उम्मीद की सीढ़ी बताया और दोनों नेताओं के प्रति आभार जताया।

# 43 करोड़ घोटाले में अधिवक्ता क्रांति की धारदार बहस से टूटी पुलिस थ्योरी, बोग्गन को मिली जमानत

- बिना सबूत गिरफ्तारी पर कोर्ट सख्त
- कॉल डिटेल से बनी कहानी भ्रामक



अधिवक्ता क्रांति किरण पाण्डेय




पुलिस हिरासत में देव कुमार त्रिपाठी

**चित्रकूट।** 43 करोड़ के चर्चित ट्रेजरी घोटाले में नाम उछलने के बाद सुर्खियों में आए कथित बिचौलिए देव कुमार उर्फ बोग्गन त्रिपाठी को आखिरकार इलाहाबाद हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। 08 अप्रैल 2026 को हुई सुनवाई में याची पक्ष के अधिवक्ता क्रांति किरण पांडेय की तीखी और सटीक बहस ने केस की दिशा ही बदल दी। अदालत में दलील दी गई कि पुलिस ने बिना ठोस साक्ष्यों के केवल कॉल डिटेल रिकॉर्ड और एक आरोपी अवधेश नारायण के बयान के आधार पर देव कुमार को घसीट लिया, जबकि उनके खाते में ट्रेजरी का एक भी रुपया ट्रांजैक्ट नहीं हुआ। इतना ही नहीं, प्रथम सूचना रिपोर्ट में भी उनका नाम तक दर्ज नहीं था, जिससे गिरफ्तारी पर सवाल और गहरे हो गए। 26 जनवरी 2026 को हुई गिरफ्तारी को अधिवक्ता ने न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग बताते हुए निर्दोष को फंसाने की साजिश करार दिया। अधिवक्ता ने बताया कि पुलिस ने पहले आरोपी को बिचौलिया कहा लेकिन मजे की बात है कि बोग्गन के खाते मे तो एक रुपए भी नही आए। इन तथ्यों और प्रभावी पैरवी को गंभीरता से लेते हुए माननीय न्यायालय ने देव कुमार उर्फ बोग्गन त्रिपाठी को जमानत पर रिहा करने का आदेश सुना दिया। अब इस फैसले के बाद पुलिस की जांच पद्धति और पूरे घोटाले की सच्चाई पर नए सिरे से बहस छिड़ गई है।

### जनगणना 2027 का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून तक आयोजित

**चित्रकूट।** हर घर की कहानी अब आंकड़ों में ढलेगी, हर दरवाजे पर दस्तक देगा जनगणना 2027 का महाअभियान। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 08 अप्रैल को हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में साफ कर दिया गया कि भारत की जनगणना 2027 केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि देश के भविष्य की नींव है। निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय उत्तर प्रदेश ने बताया कि प्रथम चरण– मकान सूचीकरण और मकानों की गणना– 22 मई से 20 जून 2026 तक चलेगा, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी अनिवार्य होगी। खास बात यह कि 7 मई से 21 मई तक ऑनलाइन स्वगणना पोर्टल भी खुलेगा, जहां आमजन खुद अपने घर का ब्यौरा दर्ज कर सकेंगे। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि सभी विभाग इस राष्ट्रीय अभियान में पूरी ताकत से जुटें। जिले में 1923 ब्लॉक बनेंगे, जिनमें 2000 प्रगणक और 350 पर्यवेक्षक तैनात होंगे। 20 अप्रैल से 2 मई तक 34 फील्ड ट्रेनर्स द्वारा व्यापक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# महाकुंभ की सुरक्षा में दमदार भूमिका सीओ फहद अली को मिला सेवा मेडल

**मऊ (चित्रकूट)।** जब आस्था का महासागर उमड़ा और सुरक्षा सबसे बड़ी परीक्षा बनी, तब मऊ के क्षेत्राधिकारी फहद अली ने अपनी सूझबूझ और कर्तव्यनिष्ठा से वह मिसाल पेश की, जिसे अब पूरा प्रदेश सलाम कर रहा है। महाकुंभ प्रयागराज-2025 जैसे विशाल और संवेदनशील आयोजन में उनकी सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता और बेदाग नेतृत्व ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत आधार दिया। इसी उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें महाकुंभ सेवा मेडल से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी उनके कार्यों की सराहना कर उन्हें प्रदेश स्तर पर पहचान दिलाई। इस गौरवपूर्ण क्षण में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने कहा कि इतनी बड़ी भीड़ में सुरक्षा संभालना आसान नहीं, लेकिन फहद अली ने इसे अपनी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प बनाकर निभाया। उनका यह कार्य न केवल विभाग का मान बढ़ाता है, बल्कि हर पुलिसकर्मी के लिए प्रेरणा की मिसाल बन गया है।



सीओ फहद अली को सम्मानित करते हुए एसपी व एएसपी

ग्राम परिवहन सेवा में ढिलाई बर्दाश्त नहीं, डीएम ने अधिकारियों को दिया अल्टीमेटम चित्रकूट। गांवों की धड़कनों को शहर की रफ्तार से जोड़ने की कवायद अब तेज हो गई है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम परिवहन सेवा समीक्षा बैठक में प्रशासनिक सख्ती साफ नजर आई। बैठक में स्पष्ट किया गया कि यह सेवा केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि हर दूरस्थ ग्राम पंचायत तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। अब तक 13 आवेदन मिलने पर डीएम ने चालकों के वैध लाइसेंस और प्रशिक्षण को अनिवार्य कर दिया, वहीं किराए को भी शासन की तय दरों के भीतर रखने का निर्देश दिया। रूट की गूगल मैपिंग में देरी पर डीएम का तेवर तल्ख दिखा- कल तक रिपोर्ट न देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। हर ब्लॉक से रोजाना कम से कम दो बार बस संचालन और रूट इस तरह तय करने के निर्देश दिए गए कि अधिकतम गांव लाभान्वित हों। साफ संदेश था- परिवहन सेवा में लापरवाही नहीं, बल्कि जवाबदेही और शून्य दुर्घटना नीति ही अब असली पहचान होगी।

# सीएम युवा योजना में चित्रकूट का धमाका मंडल में नंबर-1 बनकर सबको चौंकाया

**चित्रकूट।** जिले की जमीन पर इस बार रोजगार सिर्फ नारा नहीं, एक साकार होती कहानी बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद ने जो प्रदर्शन किया, उसने पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान गढ़ दी- प्रदेश में 8वां और मंडल में प्रथम स्थान। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी ने विशेष बैठक आयोजित कर उन बैंक अधिकारियों को सम्मानित किया, जिन्होंने कागजी लक्ष्य को जमीनी सफलता में बदला। 1200 के लक्ष्य के मुकाबले 1232 युवाओं को योजना से जोड़ना यह साबित करता है कि इच्छाशक्ति और समन्वय हो तो सरकारी योजनाएं भी फाइलों से निकलकर लोगों की जिंदगी बदल सकती हैं। जिलाधिकारी ने साफ कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है, और इस मिशन में बैंकों की भूमिका रीढ़ की हड्डी जैसी रही। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने 597, इंडियन बैंक ने 177, बैंक ऑफ बड़ौदा ने 115 और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 126 प्रकरणों में ऋण वितरण कर इस अभियान को गति दी। सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शाखा प्रबंधकों को न केवल सराहा गया, बल्कि टाइगर रिजर्व भ्रमण के लिए निशुल्क पास देकर प्रशासन ने उन्हें प्रेरणा का प्रतीक बना दिया। यह सिर्फ सम्मान नहीं, बल्कि उस भरोसे की मुहर है कि सिस्टम अगर ईमानदारी से काम करे तो युवाओं के सपनों को पंख मिलते हैं। अब निगाहें अगले वित्तीय वर्ष पर हैं- क्या यह रफ्तार बरकरार रहेगी, या फिर यह उपलब्धि सिर्फ एक चमकदार अध्याय बनकर रह जाएगी?



शाखा प्रबंधको को सम्मानित करते डीएम

# विशेष कार्यक्रम में बच्चों के नामांकन को लेकर प्रशासन सख्त, शिक्षा में नवाचार की एंट्री

- खेल-खेल में ज्ञान का बिगुल
- जिले में शिक्षा का बदला पूरा नक्शा

**चित्रकूट।** जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को उस वक्त शिक्षा का एक नया अध्याय लिखा गया, जब जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्कूल चलो अभियान को जनांदोलन बनाने की कवायद शुरू हुई। यह महज एक कार्यशाला नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को संवारने की रणनीति का मंच था, जहाँ प्रशासन, शिक्षक और समाज एक सूत्र में बंधे नजर आए। कार्यक्रम में खोल-खेल के कथाकार अमन गोपाल सुरेका ने खेल-आधारित शिक्षा की ऐसी तस्वीर पेश की, जिसने परंपरागत पढ़ाई के ढर्रे को चुनौती दी। सांप-सीढ़ी जैसे साधारण खेल के माध्यम से उन्होंने जीवन के उतार-चढ़ाव, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक रहस्यों को जिस सहजता से समझाया, उसने मौजूद लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। आठ कमरे, नौ खिड़कियां और दस दरवाजे जैसी अवधारणाओं के जरिए मानव जीवन की गहराइयों को बच्चों की भाषा में पिरोने का प्रयास खास आकर्षण रहा। कार्यशाला में शिक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे कक्षा को खेल-खेल में ज्ञान का केंद्र बना सकें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट संदेश दिया- अब शिक्षा सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि रोचक, जीवंत और सर्वसमावेशी बनानी होगी।

# चित्रकूट में बीईएल को 75 हेक्टेयर भूमि आवंटित 562 करोड़ की रक्षा परियोजना की शुरुआत

**चित्रकूट।** जिले की पावन धरा, जो अब तक तप, त्याग और आस्था की पहचान रही, अब शक्ति और रणनीति की नई इबारत लिखने जा रही है। 8 अप्रैल 2026 को सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के चित्रकूट नोड में 75 हेक्टेयर भूमि का आवंटन पत्र भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड के अध्यक्ष मनोज जैन को सौंपकर एक ऐसे अध्याय की शुरूआत कर दी, जो बुंदेलखंड की तकदीर बदलने की ताकत रखता है। यह सिर्फ भूमि आवंटन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के रक्षा स्वप्न को जमीन पर उतारने की ठोस पहल है। करीब 562.5 करोड़ रुपए के निवेश से यहां अत्याधुनिक रडार और वायु रक्षा प्रणालियों का निर्माण होगा, जिससे 1000 से अधिक कुशल नौकरियां और 5000 प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। रणनीतिक दृष्टि से मध्य भारत में स्थित चित्रकूट अब रक्षा निर्माण का उभरता केंद्र बनने जा रहा है, जहां से तकनीकी क्रांति की लहर पूरे क्षेत्र में फैल सकती है। पूज्य राम वनगमन मार्ग पर स्थापित यह नोड प्रतीक बन रहा है उस तैयारी का, जो किसी बड़े मिशन से पहले आवश्यक होती है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के अनुसार, यह परियोजना न केवल रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ाएगी, बल्कि सहायक उद्योगों, तकनीकी हस्तांतरण और युवाओं के पलायन को रोकने की दिशा में भी निर्णायक साबित होगी।



बेल के अधिकारियों को आवंटन पत्र सौंपते सीएम योगी

# ईरान युद्ध में छा गए जयशंकर, रूस भी हुआ फैन, ट्रंप हैरान!

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति ट्रंप के तेवरों और सनक को देखें तो ईरान के आसमान पर हमले की जो गुंजाइश है वो अब साफ नजर आ रही है कि बड़ा अटैक यहां पर हो सकता है। अगले 24 से 48 घंटे मिसाइलों की बारिश भी हो सकती है और एक बड़ा सैन्य एक्शन भी देखने को मिल सकता है। उधर ईरान भी चुप नहीं बैठा। उसने अपनी मिसाइलों का मुंह खोल दिया है। लेकिन बता दें कि इस बारूदी माहौल के बीच में कुछ ऐसा हुआ है जिसने पूरी दुनिया का ध्यान इस वक्त भारत की तरफ खींच लिया है। ईरान ने सीधे-सीधे भारत को फोन किया है और बात की है भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर से। आखिरकार ऐसा क्या हुआ जो इस जंग के बीच में ईरान को भारत की याद आई और यह पहली बार नहीं। कई बार ईरान ने भारत में फोन किया है।



आपको बता दें वो यह है कि ईरान के विदेश मंत्री का फोन आया है भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर को और यह कोई सामान्य बातचीत नहीं है। पिछले 47 दिनों से चल रहे इस तनाव के बीच में यह दोनों नेताओं के बीच बता दें कि छठी बार बातचीत हो रही है। यानी ईरान लगातार भारत से संपर्क बनाए हुए हैं। हर डिटेल्स दी जा रही है। इस कॉल में पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति, युद्ध के असर और इतना ही नहीं आगे की रणनीति पर भी चर्चा हुई है। लेकिन अब बड़ा सवाल यह है कि ईरान भारत से आखिर चाहता क्या है? संकेत बिल्कुल साफ है। भारत एक न्यूट्रल और भरोसेमंद देश है। भारत के अमेरिका और ईरान दोनों से ही रिश्ते हैं। और बता दें कि भारत जो है वो इस वक्त डिप्लोमेटिक ब्रिज बन सकता है। ईरान यह चाहता है कि उसकी बात दुनिया तक पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय दबाव अमेरिका पर बने और युद्ध को रोका जा सके। भारत सिर्फ एक यहां पर दर्शक नहीं है बल्कि पश्चिम एशिया भारत के लिए ऊर्जा का सबसे बड़ा स्त्रोत भी है और सबसे अहम जो स्ट्रेट ऑफ हॉर्मोस की लगातार बातें हो रही है यही वो रास्ता है जहां से दुनिया का करीब बता दें 20% तेल गुजरता है और यहां पर अगर संकट बढ़ता है तो भारत की तेल सप्लाई पर सीधा असर तो पड़ेगा ही लेकिन इसके साथ-साथ पेट्रोल डीजल महंगा हो सकता है इकॉनमी पर भी दबाव आ सकता है इसलिए इस पूरी स्थिति पर भारत एक्टिव है।

# विद्रोही समूहों ने नसीराबाद में हमलों की जिम्मेदारी ली

**बलूचिस्तान**

**बलूचिस्तान** पोस्ट (टीबीपी) की एक रिपोर्ट में छपे बयानों के अनुसार, बलूचिस्तान के "स्वतंत्रता समर्थक" सशस्त्र समूहों ने नसीराबाद और कच्छी जिलों में हुए अलग-अलग हमलों की जिम्मेदारी ली है। एक बयान में, बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स (बीआरजी) के प्रवक्ता दोस्तैन बलूच ने कहा कि समूह ने नसीराबाद के डेरा मुराद जमाली क्षेत्र में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों से कथित तौर पर जुड़ी मशीनरी पर हमला किया। टीबीपी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने दावा किया कि रबी के पास उपकरणों पर विस्फोटक रखे गए थे, जिससे वे नष्ट हो गए। प्रवक्ता ने आगे आरोप लगाया कि मशीनरी बलूचिस्तान में कृषि संसाधनों से संबंधित सैन्य-संबद्ध वाणिज्यिक गतिविधियों में शामिल थी। उन्होंने कहा कि समूह इसी तरह की अन्य परियोजनाओं को निशाना बनाने की योजना बना रहा है और ऐसे प्रोजेक्ट से जुड़े व्यक्तियों को उनसे दूरी बनाए रखने की चेतावनी दी। एक अन्य बयान में यूनाइटेड बलूच आर्मी (यूबीए) ने 4 अप्रैल को कच्छी जिले के सन्नी इलाके में हुए सशस्त्र हमले की जिम्मेदारी ली है। यूबीए के प्रवक्ता मजार बलूच ने कहा कि उनके लड़ाकों का उन व्यक्तियों के साथ गोलीबारी हुई, जिनकी पहचान उन्होंने राज्य समर्थित सशस्त्र समूह के सदस्यों के रूप में की है।बयान के अनुसार, गोलीबारी में दो लोग मारे गए और उनके हथियार जब्त कर लिए गए। यूबीए प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि दोनों के पाकिस्तान में खुफिया एजेंसियों से जुड़े सशस्त्र समूहों के साथ लंबे समय से संबंध थे और वे बलूच लड़ाकों के बारे में जानकारी साझा करने के साथ-साथ निवासियों की गिरफ्तारी में भी शामिल थे। उन्होंने यह भी कहा कि टीबीपी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें पहले ही चेतावनी जारी की गई थी। समूह ने राज्य संस्थानों के साथ सहयोग करने का आरोप लगाते हुए अन्य लोगों को भी चेतावनी दी और उनसे इस तरह की संलिप्तता बंद करने का आग्रह किया।



# बलूचिस्तान में फिर 'जबरन गुमशुदगी'



**बलूचिस्तान**

**बलूच** राष्ट्रीय आंदोलन की मानवाधिकार शाखा, PAANK ने अब्दुल्ला आदिल के जबरन लापता होने की कड़ी निंदा की है। बताया जा रहा है कि उन्हें रविवार को बलूचिस्तान के केच जिले के कुद्दन दश्त इलाके में उनके घर से अगवा कर लिया गया था। ढअअठढ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ढअअठढ को मिली विश्वसनीय रिपोर्टों के अनुसार, अब्दुल्ला आदिल को फ्रंटियर कोर के सदस्यों के रूप में पहचाने गए कर्मियों द्वारा अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ जबरन अगवा कर लिया गया था। यह घटना उनके आवास पर घटी, जिससे क्षेत्र में गैरकानूनी गिरफ्तारियों और जबरन लापता होने के लगातार बढ़ते मामलों पर गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं।


बयान में आगे कहा गया है, जबरन लापता होना मौलिक मानवाधिकारों और अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है। अब्दुल्ला आदिल के कथित अपहरण से बलूचिस्तान में ऐसे मामलों की बढ़ती संख्या में इजाफा हुआ है, जहां परिवार अपने प्रियजनों के भाग्य या ठिकाने के बारे में किसी भी जानकारी से वंचित रहकर पीड़ा झेल रहे हैं। इससे पहले, ढअअठढ ने एक अन्य मामले को भी उजागर किया था, जिसमें 18 वर्षीय सबजल बलूच की मौत की रिपोर्ट दी गई थी। आरोप है कि जुलाई 2025 में फ्रंटियर कोर के कर्मियों द्वारा उसे जबरन गायब कर दिया गया था और उसका शव 1 अप्रैल 2026 को ग्वादर में बरामद किया गया था। समूह ने इसे संदिग्ध गैर-न्यायिक हत्या बताया था।

पोस्ट के अनुसार, सबजल बलूच एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से था। 25 जुलाई 2025 को, ग्वादर और तुरबत के बीच स्थित तलार चेक पोस्ट से फ्रंटियर कोर के कर्मियों द्वारा उसका कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया था। आठ महीने और सात दिन के जबरन गायब रहने के बाद, उसका शव 1 अप्रैल 2026 को ग्वादर के पेलारी इलाके में मिला। ढअअठढ ने कहा कि उसकी मौत के हालात संदिग्ध गैर-न्यायिक हत्या की ओर इशारा करते हैं।

बलूचिस्तान में जबरन गायब होना और गैर-न्यायिक हत्याएं एक गंभीर मानवाधिकार संकट बनी हुई हैं। परिवार वर्षों तक लापता प्रियजनों की तलाश करते रहते हैं,

जबकि कार्यकर्ता गैरकानूनी गिरफ्तारियों और मनगढ़ंत मुठभेड़ों के लिए सुरक्षा एजेंसियों को दोषी ठहराते हैं। बार-बार विरोध प्रदर्शनों और मानवाधिकार समूहों की रिपोर्टों के बावजूद, जवाबदेही नगण्य है। अनसुलझे मामले राज्य और बलूच समुदाय के बीच भय, क्रोध और गहरे अविश्वास को बढ़ावा देते रहते हैं।

# चीन नें 40 दिन के लिए आसमान में लगाया लॉकडाउन, क्या बड़ा प्लान कर रहा ड्रैगन?



**चीन**

**चीन** ने एक महीने से अधिक समय से समुद्र के ऊपर के हवाई क्षेत्र के बड़े हिस्से को अवरुद्ध कर रखा है, जिससे रक्षा विश्लेषकों और क्षेत्रीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित हुआ है। मार्च के अंत में शुरू हुए और मई की शुरूआत तक जारी रहने वाले इन प्रतिबंधों के बारे में बीजिंग ने अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। इतने लंबे समय तक हवाई क्षेत्र को बंद रखना असामान्य है। आमतौर पर, ये नोटिस कुछ दिनों तक चलने वाले सैन्य अभ्यासों से संबंधित होते हैं। लंबी अवधि और किसी आधिकारिक घोषणा की अनुपस्थिति ने इस निर्णय के पीछे के उद्देश्य को लेकर अटकलों को जन्म दिया है। प्रतिबंधित क्षेत्र ताइवान से काफी दूर स्थित हैं, जिससे अनिश्चितता का एक और स्तर जुड़ गया है। यह घटना ताइवान के पास चीनी सैन्य उड़ानों में अप्रत्याशित गिरावट के कुछ ही समय बाद हुई है, जो पहले अक्सर होती थीं।

हवाई क्षेत्र संबंधी चेतावनियाँ "नोटिस टू एयर मिशन्स" (नोटम्स) के रूप में जारी की गईं। इन चेतावनियों का उपयोग आम तौर पर पायलटों को अस्थायी खतरों या प्रतिबंधों के बारे में सूचित करने के लिए किया जाता है।

हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान स्थिति अधिक जटिल सैन्य गतिविधियों की तैयारियों का संकेत दे सकती है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में उद्धृत विश्लेषकों के अनुसार, इन क्षेत्रों का उपयोग हवाई युद्ध परिदृश्यों का अनुकरण करने के लिए किया जा सकता है, जो संभवतः ताइवान से जुड़े भविष्य के संघर्ष से संबंधित हो सकते हैं। ताइवानी अधिकारियों ने भी चिंता व्यक्त की है, उनका मानना है।

# जानें कौन हैं शाहेक बलूच और नूर खान?



**बलूचिस्तान**

**बलूचिस्तान** में जबरन गुमशुदगी के नए आरोप सामने आए हैं। हाल के दिनों में दो नए मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि स्थानीय सूत्रों और मानवाधिकार समूहों के अनुसार, पहले लापता हुआ एक छात्र सुरक्षित घर लौट आया है। बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, केच जिले के बुलेदा मेहनाज निवासी रहीम बख्श के बेटे 17 वर्षीय छात्र शाहेक बलूच को कथित तौर पर 31 मार्च को तुरबत में हिरासत में लिया गया था। सूत्रों का दावा है कि राज्य समर्थित मिलिशिया से जुड़े लोग उसकी हिरासत में शामिल थे। तब से उसके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है, जिससे उसके परिवार और आम जनता में चिंता बढ़ गई है। पसनी तहसील के सरदश्त कलांच के 21 वर्षीय छात्र नूर खान को कथित तौर पर 28 मार्च को हिरासत में लिया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सैन्य खुफिया विभाग से जुड़े माने जाने वाले कर्मियों ने पसनी में एक वैन स्टॉप पर उसे रोका। उसे कथित तौर पर जबरन एक वाहन में बिठाकर एक अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। बलूच यकजेहती कमेटी ने दोनों घटनाओं को स्वीकार करते हुए चेतावनी दी है कि ऐसे मामले क्षेत्र में जारी एक चिंताजनक प्रवृत्ति को दर्शाते हैं। बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, समूह ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से इस गंभीर स्थिति का संज्ञान लेने और जवाबदेही तय करने का आग्रह किया है। इस बीच, एक दुर्लभ घटनाक्रम में एक व्यक्ति की सुरक्षित वापसी हुई है। बलूचिस्तान विश्वविद्यालय के बलूची विभाग के पांचवें सेमेस्टर के छात्र मुमताज बलूच, जो कथित तौर पर पहले लापता हो गए थे, घर लौट आए हैं।

# भारत और नेपाल ने की द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा, बालेन शाह के पदभार संभालने के बाद पहली मुलाकात

**नेपाल**

**भारतीय** राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने सोमवार को नेपाल के नवनियुक्त विदेश मंत्री शिशिर खनाल से शिष्टाचार मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। खनाल ने 27 मार्च को विदेश मंत्रालय में पदभार ग्रहण किया। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, मुलाकात के दौरान श्रीवास्तव ने खनाल की नियुक्ति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर की ओर से बधाई संदेश दिया। बयान में कहा गया कि इस



अवसर पर नेपाल-भारत संबंधों और सहयोग से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा की गई। जयशंकर ने खानल को उनके पदभार ग्रहण करने के दिन बधाई दी थी। जयशंकर ने कहा कि वे भारत और नेपाल के बीच पारंपरिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अपने नेपाली समकक्ष के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक संबंधों को और अधिक मजबूत करने की जरूरत पर बल दिया। ठाणे में आयोजित भारत-नेपाल व्यापार कार्यक्रम और व्यापार संवर्धन पहल में शर्मा ने कहा कि दोनों देशों के व्यापारिक समुदायों को साझा वृद्धि को बढ़ाने के लिए सहयोग और साझेदारी के नए रास्ते तलाशने चाहिए।

# अमेरिका और ईरान की शत्रुता हुई समाप्त

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान युद्ध पर होने वाली बहुप्रतीक्षित प्रेस कॉन्फ्रेंस से कुछ घंटे पहले, ईरानी पक्ष ने एक बार फिर अपना रुख कड़ा कर लिया है। ईरान इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान अमेरिका की 15 सूत्री योजना के पक्ष में नहीं है, और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने शांति वार्ता योजना को "अत्यंत महत्वाकांक्षी और अतार्किक" बताया है। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि ईरान ने मध्यस्थों के माध्यम से भेजे गए प्रस्तावों पर अपनी प्रतिक्रिया का मसौदा तैयार कर लिया है और जरूरत पड़ने पर इसकी घोषणा करेगा। इस्माइल बगाई ने कहा कि धमकियों के बीच बातचीत नहीं हो सकती, और चेतावनी दी कि बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की अमेरिकी धमकियां युद्ध अपराध के बराबर होंगी।

उन्होंने आगे कहा कि ईरान का ध्यान जारी हमलों के बीच देश की रक्षा पर केंद्रित है, जबकि कूटनीति सैन्य प्रयासों के साथ-साथ जारी है, जैसा कि ईरान इंटरनेशनल ने रिपोर्ट किया है। इस बीच, सूत्रों के अनुसार, अमेरिका और ईरान को शत्रुता समाप्त करने की एक और योजना मिली है, जो सोमवार से प्रभावी हो सकती है और इसके परिणामस्वरूप होर्मुज जलडमरूमध्य खुल सकता है। रॉयटर्स को मिली जानकारी के अनुसार, इस प्रस्ताव से परिचित सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान ने इस योजना का ढांचा तैयार किया है और इसे रात भर में ईरान और अमेरिका के साथ साझा किया गया है। सूत्र ने बताया कि इसमें दो स्तरीय




दृष्टिकोण अपनाया गया है, जिसमें तत्काल युद्धविराम के बाद एक व्यापक समझौता होगा। सूत्र ने कहा, "सभी बिंदुओं पर आज ही सहमति होनी चाहिए।" उन्होंने आगे कहा कि प्रारंभिक सहमति को एक समझौता ज्ञापन के रूप में तैयार किया जाएगा, जिसे पाकिस्तान के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अंतिम रूप दिया जाएगा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान ही वार्ता का एकमात्र संचार माध्यम है। रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रस्ताव के तहत युद्धविराम तत्काल प्रभाव से लागू होगा और होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खुल जाएगा, जबकि व्यापक समझौते को अंतिम रूप देने के लिए 15-20 दिन का समय दिया जाएगा। रॉयटर्स ने बताया कि इस समझौते को अस्थायी रूप से "इस्लामाबाद समझौता" नाम दिया गया है और इसमें जलडमरूमध्य के लिए एक क्षेत्रीय ढांचा शामिल होगा, जिसके तहत इस्लामाबाद में अंतिम आमने-सामने की वार्ता होगी। अमेरिकी और ईरानी अधिकारियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई, वहीं पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# हवाई हमले में हूई थी ईरान के खुफिया प्रमुख की मौत

**बेरूत**

**अमेरिका,** इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष 38वें दिन में प्रवेश कर चुका है और इसके धीमा होने के कोई आसार नहीं हैं। हालात हर घंटे और गंभीर होते जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान को दी गई समय सीमा 24 घंटे बढ़ा दी है और चेतावनी दी है कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा नहीं खोलता है तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ट्रंप ने "मंगलवार, रात 8:00 बजे पूर्वी समय!" लिखकर यह स्पष्ट कर दिया कि समय कम होता जा रहा है। इससे पहले, उन्होंने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि ईरान को "नरक" का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें बिजली संयंत्रों और पुलों पर अमेरिकी हमले भी शामिल हैं। ईरान ने तुरंत जवाब देते हुए कहा कि वह किसी भी हमले का "जैसे को तैसा" जवाब देगा। इसी बीच, जमीनी हालात और भी बिगड़ते जा रहे हैं। अमेरिका ने पुष्टि की है कि ईरान में एक लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसने दूसरे पायलट को बचा लिया है, हालांकि खबरों के मुताबिक उस इलाके में हुए हमलों में कई लोग मारे गए हैं। इजराइल में, हाइफा में एक मिसाइल ने एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया, जिसमें कई लोग घायल हुए और कुछ लापता हो गए। खाड़ी क्षेत्र में, कुवैत में प्रमुख ऊर्जा सुविधाओं को भी निशाना बनाया गया है, जिससे भारी नुकसान हुआ है। इस बीच, बेरूत के पास समेत लेबनान के कुछ हिस्सों में इजराइली हमले जारी हैं, जहां हताहतों की खबरें आई हैं। तनाव अब संघर्ष क्षेत्र से बाहर



भी फैल रहा है, और चेतावनी दी गई है कि अगर स्थिति और बिगड़ती है तो बाब अल-मंडाब जलडमरूमध्य जैसे अन्य महत्वपूर्ण मार्गों को भी निशाना बनाया जा सकता है।

**कतर ने शांति की अपील की, गंभीर परिणामों की चेतावनी दी**

कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी ने मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष को शांतिपूर्ण तरीकों से सुलझाने का आग्रह किया है और चेतावनी दी है कि आगे सैन्य तनाव बढ़ने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। कतर के विदेश मंत्रालय के अनुसार, अल थानी ने स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस के साथ फोन पर बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में ईरान की कार्रवाइयों को रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया और बातचीत को तुरंत फिर से शुरू करने का आह्वान किया।

**तेहरान में अस्पताल खाली कराए गए, स्वास्थ्य सुविधाएं क्षतिग्रस्त हुईं**

ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि फरवरी के अंत में शुरू हुए अमेरिकी-इजरायली हवाई हमलों के बाद से राजधानी के आठ अस्पतालों को खाली करा लिया गया है। ये निकासी लगातार हमलों के कारण चिकित्सा बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताओं के मद्देनजर की गई है। मंत्रालय के अनुसार, नुकसान व्यापक रहा है, जिसमें अब तक 54 आपातकालीन केंद्र, 46 चिकित्सा इकाइयां, 216 स्वास्थ्य केंद्र और 41 एम्बुलेंस प्रभावित हुए हैं।

ईरान द्वारा अपने क्षेत्र में अमेरिकी F-15E स्ट्राइक ईगल विमान को मार गिराए जाने के लगभग 48 घंटे बाद, रविवार को अमेरिकी सेना ने दुर्घटनाग्रस्त विमान के दूसरे चालक दल के सदस्य को बचा लिया। यह बचाव अभियान केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) द्वारा किए गए एक सुनियोजित "धोखाधड़ी अभियान" के बाद ही संभव हो पाया। अब इस "साहसिक" बचाव अभियान के बारे में नए विवरण सामने आए हैं।